• सीधी, सिंगरौली, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित • website-https://vindhyatiger.in • epaper-https://epaper.vindhyatiger.in • वर्ष : 36, अंक 161, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार, 21 जुलाई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



राजस्थान में स्वास्थ्य विभाग में होगी बंफर भर्ती 5

कुछ सप्ताह किसी सपने से कम नहीं थे : सूर्य कुमार 6

## मप्र में सेना के लिये तोप के साथ टैंक निर्माण भी होगा : डॉ. यादव

### जबलपुर में बनेगा टेक्सटाइल का अत्याधुनिक स्किल डेवलपमेंट सेंटर : मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में अनेक क्षेत्रों में उद्योग स्थापना का कार्य प्राथमिकता से किया जायेगा। मध्यप्रदेश में टेक्सटाइल, रक्षा संस्थान के लिए एक टैंक निर्माण, फार्मा क्षेत्र और पर्यटन के क्षेत्र में नए-नए उद्योग प्रारंभ किये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज जबलपुर के सुभाष चंद्र बोस कल्चरल एंड इनफॉरमेशन सेंटर में रीजनल इंडस्ट्री कांक्लेव में उद्योगों से जुड़ी महत्वपूर्ण घोषणाएं की। यह सभी घोषणाएं उद्योगों के प्रोत्साहन से संबंधित हैं। कॉन्क्लेव में देश-विदेश के अनेक प्रमुख उद्योगपति शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जबलपुर में टेक्सटाइल के अति आधुनिक स्किल डेवलपमेंट सेंटर की शुरुआत की जायेगी, जिससे विशेष रूप से बहनों को रोजगार प्राप्त होगा।



मध्यप्रदेश में वर्ष 2024 की आज दूसरी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव जबलपुर में हुई। इसमें ताईवान, मलेशिया, ब्रिटेन, फिजी और इंडोनेशिया के साथ और देश के विभिन्न राज्यों से बड़े उद्योगपति शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि गत मार्च-2024 में उज्जैन में इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हुई थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कॉन्क्लेव में प्रदेश की 29 औद्योगिक इकाइयों के लोकार्पण और 38 औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन किया। प्रदेश के विभिन्न 10 स्थान से जन-प्रतिनिधि लोकार्पण और भूमि पूजन कार्यक्रम से जुड़े। इनमें कुल 1500 करोड रुपए का निवेश होगा और 4500 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। औद्योगिक इकाइयों को आशय-पत्र सौंपे गये, जिससे करीब 12 हजार लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। कुल 340 एकड़ भूमि के आवंटन के लिए आशय-पत्र सौंपे गये। कॉन्क्लेव में आईटी, आईटीईएस एवं ईएसडीएम पॉलिसी-2023 का विमोचन भी किया गया।

कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में 600 करोड रूपये के निवेश के लिए अशोक लीलैंड और आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड के बीच करारनामा हुआ। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में यह नया कदम है। यह रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण निवेश है। साथ ही सहयोग क्षेत्र में विकास और नवाचार को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में रक्षा संस्थान के लिए अब तक तोप निर्माण का कार्य होता रहा है, अब सेना के लिए टैंक भी बनाये जायेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 16 औद्योगिक पार्क के माध्यम से कुल 517 लघु, मध्यम और सूक्ष्म उद्योगों द्वारा पौने छः हजार करोड़ का निवेश किया गया, जिससे 20 हजार लोगों को रोजगार मिला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि आज 67 औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण और भूमिपूजन एक महत्वपूर्ण समेकित प्रयास है। प्रदेश के 10 स्थानों से मंत्री, सांसद, विधायक वर्चुअली जुड़े। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जन-प्रतिनिधियों से चर्चा कर उन्हें नवीन इकाइयों की सौगात के लिये बधाई दी।

## संसद का मानसून सत्र सोमवार से, सरकार लाएगी छह नए विधेयक

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू होगा। इसे लेकर सरकार ने तैयारी कर ली है। सरकार इस मानसून सत्र में पुराने विमान अधिनियम को बदलने समेत छह नए विधेयक लेकर आएगी। जबकि विपक्ष ने सरकार को नीट पेपर लीक और रेलवे सुरक्षा के मुद्दे पर घेरने की तैयारी की है। 12 अगस्त तक चलने वाले इस मानसून सत्र में 19 बैठकें होंगी।

मानसून सत्र को लेकर संसद सत्र के दौरान उठाए जाने वाले मुद्दों को समझने के लिए संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक बुलाई है। वहीं ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और बीजेडी ने घोषणा की है कि वे संसद में मजबूत विपक्ष की भूमिका को निभाएंगे। साथ ही राज्य के मुद्दे उठाएंगे। उन्होंने अपने सांसदों से ओडिशा को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग उठाने को कहा है। वहीं कांग्रेस ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की



हिस्सेदारी 51 फीसदी कम करने के विधेयक और नीट पेपर लीक मुद्दे पर सरकार को घेरने की रणनीति बनाई है।

मानसून सत्र में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को आर्थिक सर्वेक्षण और मंगलवार को केंद्रीय बजट पेश करेंगीं।

इसके अलावा इस सत्र में केंद्र के अधीन जम्मू कश्मीर के लिए भी बजट को मंजूरी दी जाएगी। इस सत्र में वित्त विधेयक, आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, बॉयलर विधेयक, कॉफी (संवर्धन और विकास) विधेयक, रबर (संवर्धन और विकास) विधेयक, भारतीय वायुयान विधेयक को सरकार लाएगी। इसके अलावा सरकार बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 और अन्य कानूनों जैसे बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 और बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1980 में संशोधन के प्रस्ताव लाएगी।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसदीय एजेंडा तय करने वाली बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (बीएसी) का भी गठन कर दिया है। 14 सदस्यों वाली इस समिति की अध्यक्षता स्पीकर खुद करेंगे। स्पीकर की अध्यक्षता वाली समिति में सुदीप बंद्योपाध्याय (टीएमसी), पीपी चौधरी (बीजेपी), लावु श्रीकृष्ण देवरायलू (टीडीपी), निशिकांत दुबे (बीजेपी), गौरव गोगोई (कांग्रेस), संजय जयसवाल (बीजेपी), दिलेश्वर कामैत (जेडी-यू), भर्तृहरि महताब (बीजेपी), दयानिधि मारन (डीएमके), बैजयंत पांडा (बीजेपी), अरविंद सावंत (शिवसेना-यूबीटी), कोडिकुन्निल सुरेश (कांग्रेस), अनुराग ठाकुर (बीजेपी) और लालजी वर्मा (एसपी) शामिल हैं।

### पीएम मोदी ने न्यूजीलैंड के समकक्ष से की फोन पर बात

## द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अपने न्यूजीलैंड के समकक्ष क्रिस्टोफर लक्सन से फोन पर बातचीत की। इस दौरान लक्सन ने उन्हें लोकसभा चुनाव में दोबारा जीत पर बधाई दी। दोनों नेता व्यापार और आर्थिक सहयोग, पशुपालन, फार्मस्यूटिकल्स, शिक्षा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमत हुए। पीएमओ (प्रधानमंत्री कार्यालय) की ओर से आज एक बयान जारी किया गया। जिसमें कहा गया कि दोनों नेताओं ने इस बात पर गौर किया कि भारत और न्यूजीलैंड



के संबंध साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और लोगों के बीच करीबी संबंधों पर आधारित हैं। उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग को आने वाले वर्षों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। इसमें आगे कहा गया, दोनों नेता व्यापार और आर्थिक सहयोग, पशुपालन, फार्मास्यूटिकल्स, शिक्षा, अंतरिक्ष सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमत हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने न्यूजीलैंड में भारतीय प्रवासियों के हितों की देखबाल के लिए लक्सन को धन्यवाद दिया। वहीं लक्सन ने उनकी सुरक्षा और कल्याण के लिए निरंतर पर्यासों का आश्वासन दिया।

बाद में प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, मैं प्रधानमंत्री क्रिसोटफर लक्सन को उनकी फोन कॉल और गर्मजोशी से बधाई के लिए धन्यवाद देता हूं। हमने भारत और न्यूजीलैंड के बीच उन संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता दोहराई, जो साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और लोगों के आपसी संबंधों में निहित हैं।

## यूपी में फिर रेल हादसा: अमरोहा में मालगाड़ी पलटी, 10 डिब्बे बेपटरी

**अमरोहा।** मुरादाबाद से दिल्ली की तरफ जा रही मालगाड़ी अमरोहा रेलवे स्टेशन के नजदीक पलट गई। मालगाड़ी के परखच्चे उड़ गए। मालगाड़ी के 10 डिब्बे पलटे हैं। जिसमें दो डिब्बों में केमिकल भरा हुआ है, जबकि आठ डिब्बे खाली बताई जा रहे हैं। तेज धमाके के साथ हादसा हुआ तो स्थानीय लोगों के होश उड़ गए। रेलवे ट्रैक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। जबकि दिल्ली और मुरादाबाद की तरफ से आने वाली दर्जनों ट्रेन प्रभावित हो गई हैं।

## अंधविश्वास होता है, लेकिन आस्था कभी अंधी नहीं होती: भागवत

**पुणे।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को दावा किया कि 1857 के बाद अंग्रेजों ने व्यवस्थित तरीके से देशवासियों में अपनी परंपराओं और पूर्वजों के प्रति आस्था को कम करने की साजिश रची। भागवत ने कहा कि अंधविश्वास तो होता है, लेकिन आस्था कभी अंधी नहीं होती। उन्होंने कहा कि कुछ प्रथाएं और रीति-रिवाज जो चले आ रहे हैं, वे विश्वास हैं। कुछ गलत हो सकते हैं तो उन्हें बदलने की जरूरत है।

परंपराओं के प्रति आस्था को खत्म करने की कोशिश की गई



जी बी देगलुरकर की एक किताब के विमोचन के अवसर पर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, 1857 (जब ब्रिटिश राज ने औपचारिक रूप से भारत पर शासन करना शुरू किया) के बाद अंग्रेजों ने हमारे मन से आस्था को खत्म करने के लिए व्यवस्थित प्रयास किए। हमारी परंपराओं और अपने पूर्वजों में जो आस्था थी, वह खत्म हो गई। उन्होंने कहा कि भारत में मूर्ति पूजा होती है जो आकार से परे निराकार से जुड़ी है। हर किसी के लिए निराकार तक पहुंचना संभव नहीं है, इसलिए हर किसी को कदम दर कदम आगे बढ़ना होगा। इसलिए मूर्तियों के रूप में एक आकार बनाया जाता है।

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि मूर्तियों के पीछे एक विज्ञान है, भारत में मूर्तियों के चेहरे पर भावनाएँ भरी होती हैं जो दुनिया में हर जगह नहीं मिलती हैं। राक्षसों की मूर्तियों में दर्शाया गया है कि वे किसी भी चीज़ को अपनी मुट्ठी में कसकर पकड़ लेते हैं। राक्षसों की प्रवृत्ति हर चीज़ को अपने हाथ में रखने की होती है।

## केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर और सांसद लालवानी के निर्वाचन को चुनौती

**इंदौर।** धार सांसद और केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर और सांसद शंकर लालवानी के निर्वाचन को रद्द करने संबंधी याचिका जबलपुर हाईकोर्ट में लगी है। देश में सबसे ज्यादा वोटों से जीतने वाले सांसद शंकर लालवानी के खिलाफ लोकसभा चुनाव में खड़े निर्दलीय उम्मीदवार धर्मेंद्र झाला ने लगाई।

याचिका में कहा गया कि उनका उन्होंने लोकसभा चुनाव में नाम वापस नहीं लिया। वो धर्मेंद्र कोई दूसरा था, लेकिन मुझे चुनाव लड़ने नहीं दिया गया। इस कारण इंदौर लोकसभा क्षेत्र का निर्वाचन निष्पक्ष नहीं है। केंद्रीय महिला व बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर के खिलाफ जबलपुर हाईकोर्ट में कांग्रेस उम्मीदवार रहे राधेश्याम मुवेल ने याचिका लगाकर उनका निर्वाचन रद्द करने की मांग की है। राधेश्याम ने याचिका में कहा कि नामांकन के समय भरे गए शपथ पत्र में आय को लेकर गलत जानकारी दी है और कुछ कॉलम खाली छोड़े है। मुवेल ने कहा कि मंत्री ने वर्ष 2018 व 19 में अपनी आय 38 हजार रुपये बताई,जबकि सांसद का वेतनमान ही पौने दो लाख रुपये प्रतिमाह होता है। फार्म में परिवार की आय के ब्यौरे को भी खाली रखा।

## सरकार बनने पर श्वेत पत्र लगाएगी बीजेपी

### राज्य में घट रही जनजातीय आबादी, रांची में गरजे शाह

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में भाजपा झारखंड की विस्तृत कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राज्य की झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा की झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली सरकार देश में सबसे भ्रष्ट है, जो करोड़ों रुपये के भूमि, शराब, खनन घोटाले में शामिल है। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि बड़े पैमाने पर घुसपैठ के कारण झारखंड में जनजातीय आबादी घट रही है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा राज्य में सरकार बनाती है तो वह



जनसांख्यिकी पर एक श्वेत पत्र लाएगी ताकि उनकी भूमि और अधिकारों की रक्षा की जा सके।

भाजपा कार्यसमिति की बैठक को संबोधित हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, कई बार हम देखते हैं कि लोकतंत्र में जीतने के बाद अहंकार आ जाता है, झारखंड में ऐसे लोग सत्ता में हैं। लेकिन हारने के बाद भी अहंकार, ये मैंने पहली बार देखा है। चुनाव कौन जीता, ये तो सबको पता है, लेकिन कांग्रेस में जो अहंकार है, वो हम सबने देखा है।

रांची में पार्टी की बैठक में अमित शाह ने कहा कि - इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को 2014, 2019 और 2024 में कांग्रेस की संयुक्त सीटों से अधिक सीटें मिली हैं। लेकिन लोकसभा चुनाव हारने के बावजूद राहुल गांधी अहंकार दिखा रहे हैं और हार स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड में भाजपा सरकार बनाएगी और 81 में से 52 सीटों पर कब्जा जमाएगी।

इस दौरान उन्होंने कहा- कि झारखंड के एक सांसद के घर से 300 करोड़ रूपये मिलते हैं, एक नेता के पीए के घर से 30 करोड़ मिलते हैं, कांग्रेस पार्टी जवाब दे ये पैसे किसके हैं? जिसके घर से पैसे मिले हैं, कांग्रेस उसको फिर से टिकट देगी, क्योंकि अगर उसकी टिकट काटी तो वो बता देगा कि ये पैसा किसका है। वहीं गृह मंत्री अमित शाह के शहर में कार्यक्रम के दौरान एक शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

## यूपीएससी परीक्षा प्रक्रिया में गड़बड़ी को लेकर प्रियंका गांधी का केंद्र पर तंज

**नई दिल्ली।** ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर को लेकर चल रहे विवाद के बीच अब यूपीएससी परीक्षा प्रक्रियां को लेकर भी सवाल सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने इसकी प्रक्रिया को लेकर सरकार पर तंज किया और सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कई सवाल पूछे हैं। उन्होंने अपने इस पोस्ट में लिखा, यूपीएससी देश की सबसे नामी परीक्षा है और उससे निकले लोग शासन व्यवस्था के सबसे महत्वपूर्ण स्तम्भ होते हैं। देश के करोड़ों लोगों का भरोसा और हमारे रोजमर्रा के शासन-प्रशासन का कामकाज इस संस्था की पेशेवर प्रणाली से जुड़ा है। मैंने खुद देखा है कि इस परीक्षा के लिए युवा कितनी मेहनत, आंखों में ढेर सारे सपने लिए और दिल में लगन के साथ तैयारियां करते हैं। यूपीएससी की प्रक्रियाओं में गड़बड़ी की खबरें बहुत हैरान करने वाली हैं। इस महत्वपूर्ण चयन प्रक्रिया में हुई एक भी गड़बड़ी बड़े सवाल खड़े करती है और लाखों युवाओं के सपनों और उनके विश्वास पर चोट करती है। जरूरी है कि इन सवालों का जवाब जनता और यूपीएससी की तैयारी करने वाले युवाओं को मिले।

## आप की हरियाणा को 5 गारंटी

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी ने शनिवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए पांच गारंटी जारी की। इसके लिए अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल शनिवार को पंचकूला पहुंचीं। पार्टी हरियाणा विधानसभा की 90 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए जोर-शोर से तैयारियों में जुटी है। इस मौके पर पंजाब के सीएम भगवंत मान, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और डॉ. संदीप पाठक भी मौजूद रहे। पंजाब विधानसभा चुनाव की तर्ज पर पार्टी ने हरियाणा में गारंटी लॉन्च की। पहली गारंटी की घोषणा पार्टी ने मुफ्त और 24 घंटे बिजली, दूसरी गारंटी सबको अच्छा और फ्री इलाज, तीसरी गारंटी अच्छी, बेहतरीन और फ्री शिक्षा, चौथी गारंटी सभी माताओं-बहनों को हर महीने 1000 हजार रुपये और पांचवीं गारंटी हर युवा को रोजगार के तौर पर दी।

## पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को मिली बड़ी जिम्मेदारी



**पटना।** बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र 22 जुलाई से शूरू हो रहा है। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में इस बार भी राबड़ी देवी ही नजर आएंगी। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने बिहार विधान परिषद सचिवालय से पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को नेता विरोध दल के रूप मान्यता देने का अनुरोध किया। इसके बाद कार्यकारी सभापति ने राबड़ी देवी को नेता विरोधी दल की मान्यता दे दी। इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। आज विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के सचेतक का मनोनयन किया गया है। सीएम नीतीश कुमार की ओर मनोनयन की सूचना दी गई। वहीं बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने सचेतकों के मनोनयन की स्वीकृति प्रदान कर दी।

जनता दल के चर्चित विधायक गोपाल मंडल, भारतीय जनता पार्टी फायर ब्रांड हरि भूषण ठाकुर बचौल को सचेतक बनया गया है। वहीं भाजपा विधायक संजय सरावगी, जदयू विधायक राजकुमार सिंह, जदयू विधायक सुधांशु शेखर, भाजपा विधायक बीरेंद्र सिंह, भाजपा विधायक कृष्ण कुमार ऋषि, भाजपा विधायक आलोक रंजन, भाजपा विधायक विजय कुमार मंडल को भी सचेतक बनाया गया है। इधर, विधान परिषद में सता पक्ष की ओर से सचेतक, उप मुख्य सचेतक और उपनेता का मनोनयन कर दिया गया है।

## हिंसा की आग में झुलस रहा बांग्लादेश, भारत आए नागरिक ने बताई हालत

**नई दिल्ली।** पड़ोसी देश बांग्लादेश इन दिनों हिंसा की आग में झुलस रहा है। सरकारी नौकरियों में आरक्षण के मुद्दे शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन देशभर में उग्र रूप ले चुका है। इस हिंसक आंदोलन के चलते 100 से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। प्रदर्शन पर काबू पाने के लिए राजधानी ढाका में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। वहीं देशभर के शिक्षण संस्थानों में ताला लग गया और छात्र अपने घर वापस चले गए हैं। यहां तक कि हिंसा प्रभावित देश से लोग पलायन कर रहे हैं। ऐसे में बीएसएफ ने जलपाईगुड़ी के फुलबाड़ी में भारतीय आव्रजन चेक पोस्ट पर सुरक्षा जांच की। वहीं, बांग्लादेश के नागरिकों ने बताया कि यहां के हालात सही नहीं है।

देशव्यापी विरोध के बीच बांग्लादेश से 13 छात्र भारत पहुंचे। 13 छात्रों में से एक भारत के असम,




एक भूटान, एक मालदीव और 10 छात्र नेपाल से हैं।

नौकरी में आरक्षण के खिलाफ बांग्लादेश में चल रहे देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों के बीच बीएसएफ ने जलपाईगुड़ी के फुलबाड़ी में भारतीय आव्रजन चेक पोस्ट पर सुरक्षा जांच की। वहीं, भारत आए एक बांग्लादेशी नागरिक ने पत्रकार से बात की। उसने बताया, वहां हालात अच्छे नहीं है। इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। मैं अपनी मां के इलाज के लिए यहां आया हूं।

बांग्लादेश के एक मेडिकल कॉलेज के छात्र आसिफ हुसैन जो बांग्लादेश में चल रहे देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के बीच भारत वापस आने के लिए सीमा पार कर गया था। अब उसकी मां सेमिम सुल्ताना ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने बताया, मेरे बेटे ने मुझे बताया कि वहां हालात ठीक नहीं हैं, इसलिए वे वापस आ रहे हैं। 10 से 15 लोगों ने एक गाड़ी भाड़े पर ली और कोलकाता आ गए।

जब पूछा गया कि आप लोग क्या सोच रहे थे बेटे के बांग्लादेश में होने पर तो सुल्ताना ने कहा कि हम लोग बहुत परेशान थे। वहां धुबरी के करीब पांच छात्र पढ़ रहे हैं।

विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा, यह चिंताजनक मुद्दा है। छात्रों को हमेशा सुना जाना चाहिए और हमें उम्मीद है कि बांग्लादेश सरकार जल्द ही इस मामले को सुलझा लेगी।

गौरतलब है, आरक्षण आंदोलन के बीच सरकार ने कहा है कि वह मुद्दे पर बात करने के लिए तैयार है। वहीं प्रदर्शनकारियों का कहना है कि मुद्दे के समाधान तक उनका विरोध नहीं रुकेगा। इस विरोध में प्रदर्शनकारियों को विपक्षी दलों का भी साथ मिल गया है। बांग्लादेश में जारी हिंसा के चलते भारत, अमेरिका समेत कई देशों ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर दी है। उधर संयुक्त राष्ट्र संगठन ने भी हिंसा पर चिंता जताई है।

विरोध प्रदर्शनों के केंद्र में बांग्लादेश की आरक्षण व्यवस्था है। इस व्यवस्था के तहत स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों के लिए सरकारी नौकरियों में 30% आरक्षण का प्रावधान है। 1972 में शुरू की गई बांग्लादेश की आरक्षण व्यवस्था में तब से कई बदलाव हो चुके हैं। 2018 में जब इसे खत्म किया गया, तो अलग-अलग वर्गों के लिए 56% सरकारी नौकरियों में आरक्षण था। समय-समय पर हुए बदलावों के जरिए महिलाओं और पिछड़े जिलों के लोगों को 10-10 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की गई। इसी तरह पांच फीसदी आरक्षण धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए और एक फीसदी दिव्यांग कोटा है।

# कोतवाली क्षेत्र में रेत का अवैध कारोबार पकड़ा जोर

## शाम ढलते ही नदियों में शुरू हो जाता है रेत का उत्खनन, पूर्व नगर निगम अध्यक्ष ने बलियरी से अवैध रेत की निकासी का खोला राज, अब क्यां बोलेंगे मातहत

**सिंगरौली।** कोतवाली क्षेत्र बैढ़न में अवैध रेत का कारोबार व्यापक पैमाने पर चल रहा है। जहां पुलिस पर अवैध कारोबारियों के साथ सांठ गांठ होने का आरोप लगाया जा रहा है। आलम यह है कि शाम से लेकर सुबह 7 बजे तक रेत की चोरी धड़ल्ले के साथ की जा रही है।

दरअसल कोतवाली क्षेत्र बैढ़न का बलियरी रेत के अवैध कारोबार का केन्द्र बिन्दु बना हुआ है। नदियों से रेत उत्खनन कर अवैध रूप से भण्डारण करते हुये धड़ल्ले के साथ परिवहन कर रहे हैं। सूत्र बतातें है कि करीब डेढ़ दर्जन ट्रैक्टर अकेले कोतवाली क्षेत्र में व पुलिस चौकी खुटार एवं सासन पुलिस चौकी क्षेत्र में आधा दर्जन ट्रैक्टर रात के समय रेत के उत्खनन, परिवहन में जुट जा रहे हैं। चर्चाएं यहां तक है कि एक ट्रैक्टरों से रोजाना तीन हजार रूपये से अधिक रकम जमा करा



ली जाती है। तब रेत उत्खनन के लिए अनुमति दी जाती है। रेत की इस खेल में संबंधित थाना एवं चौकी के पुलिस का संरक्षण मिला है। शिकायत मिलने के बावजूद पुलिस कार्रवाई करने से भागती नजर आती है। रेत का यह कारोबार करीब डेढ़ महीने से काफी जोर पकड़ा हुआ है।

सूत्रों के मुताबिक सासन पुलिस चौकी क्षेत्र में एक सफेद पोशधारी नेता सक्रिय है। नेता जी के बारे में बता दे वे जन प्रतिनिधि भी हैं और एक पार्टी से निष्काशित किये जा चुके हैं। नेता जी का एक पूर्व में पदस्थ टीआई से दोस्ताना संबंध था। रात के समय एनसीएल बाउंड्री बिलौंजी में मिलने आते थे। हालांकि पूर्व टीआई कार्रवाई के कोप भाजन का शिकार हो चुके हैं। सूत्र बता रहे हैं की सफेद पोशधारी नेता मयार एवं रेण नदी से रेत की चोरी कराने में संलिप्त हैं। नेता जी रेत के कारोबार में पहले से ही संलिप्त हैं। उनका रेत से भरा एक डम्फर वाहन गनियारी में एक घर को क्षतिग्रस्त कर दिया था।

### पूर्व ननि अध्यक्ष ने अवैध रेत कारोबारियों की खोली पोल

बैढ़न के बलियरी इलाके से रेत का अवैध कारोबार जगजाहिर है। आज सुबह पूर्व ननि अध्यक्ष चन्द्र प्रताप विश्वकर्मा ने शहर में अवैध रेत परिवहन करते एक नाबालिक को रोक कर पुलिस प्रशासन के दावों कि पोल खोल दी। उन्होंने नाबालिक से पूछा कि यह किसका ट्रैक्टर है। जहां नाबालिक ने बताया कि जमुआ निवासी अरविन्द शाह का है। जिले में नाबालिक ड्राइवर अवैध रेत का परिवहन करते कई बार देखे और पकड़े गएं हैं।

# निगरी क्षेत्र में चोरों का आतंक, लोग कर रहे रतजगा

**सिंगरौली।** निगरी थाना इलाके में चोरों जबरदस्त आतंक बना हुआ है। क्षेत्र में मकान और दुकानों में चोरी की आधा दर्जन घटनाएं सामने आई हैं। चोरों के आतंक से लोगों की नींद उड़ गई है और वे रतजगा करने को मजबूर हो गए हैं। यह अलग बात है कि कुछ ही घटनाओं के संबंध में थाने में प्रकरण दर्ज कराए गए हैं। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है। लेकिन अभी कोई सफलता हाथ नहीं लगी। निगरी क्षेत्र में चोर एक के बाद एक चोरी की घटना को अंजाम देकर लोगों की नींद हराम कर रहे हैं। चोरियों को रोकने के लिए लोग रतजगा करने के लिए मजबूर हैं। घरों के अलावा कंपनियों के स्टोर में भी चोर सेंध लगाने में भी पीछे नहीं है। चोरों के सामने सुरक्षा व्यवस्था ना काफी साबित हो रही है। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों ने पुलिस के सुरक्षा इंतजाम और अगस्त के भी पोल खोलती नजर आ रही है। वहीं चोर लगातार लोगों की गाढ़ी कमाई पर हाथ साफ कर रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में रात्रि सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से चोरी की घटनाएं आम हो चुकी है।

# गुरू पूर्णिमा आज होंगे विविध आयोजन, गुरूजनों का होगा सम्मान

## गुरु पूर्णिमा आध्यात्मिक गुरुओं के सम्मान को प्रकट करने के लिए मनाया जाने वाला पर्व है : मिश्र



**सिंगरौली।** भारतीय संस्कृति में गुरु पूर्णिमा का पर्व अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह पर्व आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा और वेद पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। इस साल गुरु पूर्णिमा 21 जुलाई दिन रविवार को मनाई जाएगी।

गुरु पूर्णिमा का महत्व गुरु और शिष्य के पवित्र संबंध का प्रतीक है। इस दिन शिष्य अपने गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं और उनके ज्ञान और मार्गदर्शन के लिए उनका सम्मान करते हैं। पं. डॉ. एनपी मिश्र शिवधाम मंदिर बैढ़न के अनुसार इस वर्ष गुरु पूर्णिमा पर कई दुर्लभ योगों का संयोग बन रहा है। जिसके कारण इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। वही मान्यताओं के अनुसार गुरु पूर्णिमा के दिन भगवान वेद व्यास जिन्हें हिंदू धर्म का अन्य गुरु माना जाता है का जन्म हुआ था। वेदव्यास ने महाभारत, वेदों और पुराणों सहित कई महत्वपूर्ण धार्मिक ग्रंथों की रचना की थी। इसके अलावा गुरु पूर्णिमा को भगवान कृष्ण ने अपने गुरु ऋषि शांडिल्य को ज्ञान प्रदान करने के लिए चुना था। इसी दिन भगवान बुद्ध ने भी अपने पहले पांच शिष्यों को उपदेश दिया था। ऐसे में माना जाता है कि जिन गुरुओं ने हमें गढ़ने में अपना योगदान दिया है उनके प्रति हमें कृतज्ञता का भाव बनाए रखना चाहिए और उसे जाहिर करने के दिन के तौर पर ही गुरु पूर्णिमा का त्योहार मनाया जाता है । शास्त्रों में यह भी कहा जाता है कि गुरु पूर्णिमा के दिन ही महर्षि वेदव्यास ने चारों वेद की रचना की थी और इसी कारण से उनका नाम वेद व्यास पड़ा ।

# राजस्व अधिकारी लंबित प्रकरणों का शत प्रतिशत करें निराकरण : कलेक्टर

## राजस्व महाअभियन शिविर की सूचना जन प्रतिनिधियों को प्रदाय की जायें

**सिंगरौली।** राजस्व महाअभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने व्हीसी के माध्यम से राजस्व अधिकारियों से विस्तृत समीक्षा की जाकर महाअभियान के दौरान लंबित प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण कियें जाने के निर्देश दिये गये है। कलेक्टर ने कहा कि अभियान के दौरान प्रत्येक गांव में बी-1 का वाचन अनिवार्य से किया जायें तथा आरसीएमएस पर प्रकरण दर्ज करना नामांतरण, वटवारा, सीमांकन, नक्शा



तरतमीम, ई-केवाईसी समग्र से खसरे की लिंकिंग रिकार्ड सुधार, अभिलेख दुरस्ती अन्य किया जायें।

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को इस आशय के भी निर्देश दियें कि 30 जून के पहले के लंबित प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाये। उपखण्ड अधिकारी राजस्व अभियान की नियमित मॉनीटरिंग करें एवं निर्धारित प्रपत्रों में दर्ज कर प्रति दिवस प्रस्तुत करें। साथ ही इस आशय के भी निर्देश दिये गये कि राजस्व महाअभियान शिविर की सूचना जन प्रतिनिधियों को भी प्रदाय की जायें। बैठक के दौरान जिला पंचायत के सीईओ गजेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेंय सहित अन्य अधिकारी व्हीसी के माध्यम से बैठक में मौजूद रहे।

# यातायात पुलिस कर रही जागरूक

## स्लोगन के माध्यम से संदेश दे रही है कि आपके पापा सेफ हैं या नही

**सिंगरौली।** यातायात पुलिस सिंगरौली के द्वारा इन दिनों लगातार शहर के विभिन्न चौराहों और विद्यालयों के आसपास आम जन मानस को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाएं और चार पहिया वाहन चलाने के दौरान सीटबेल्ट। इसी अभियान को मुर्तरूप देने के लिए स्लोगन के माध्यम से संदेश दिया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में एवं एएसपी शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में तथा सिंगरौली के समस्त थानों ने हेलमेट धारण करने एवं चार




पहिया वाहन सवार चालकों ने सीटबेल्ट धारण करने के अनुपालन में संपूर्ण जिले में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। उच्च न्यायालय जबलपुर ने जिलों में पिलियन रायडर सहित दो पहिया वाहन सवार चालकों ने हेलमेट धारण करने एवं चार पहिया वाहन सवार चालकों ने सीटबेल्ट धारण करने के संबंध में वाहन चालकों को यातायात नियमों का शत प्रतिशत पालन करने के निर्देश दिये गये। जिसके पालन में जागरूकता संबंधी पोस्टर बैनर शहर के विभिन्न चौराहे पर लगाये गये एवं साथ ही नियमों का पालन करने के लिए वाहन चालकों को समझाइस दी गई। सभी पेट्रोल पम्पों पर फ्लेक्सि-बैनर के माध्यम से सभी दो पहिया मोटर वाहन चालकों एवं पीलियन राइडर को हेलमेट धारण करने पर ही पेट्रोल वितरण करेंगे। ऐसे सख्त हिदायत दी जाकर जागरूकता संबंधी फ्लेक्स बैनर लगाए गए।

# सरस्वती शिशु मंदिर बैढ़न में छात्र संसद को दिलाई गई शपथ

**सिंगरौली।** सरस्वती शिशु मंदिर बिलौंजी-बैढ़न में छात्र संसद का शपथ समारोह, अन्य पिछड़ा वर्ग के सहायक संचालक योगेश राज के मुख्य आतिथ्य एवं सरस्वती शिक्षा परिषद जिला सिंगरौली के जिला सचिव डॉ. सुशील सिंह चंदेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत परिचय विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी कुमार सोनी ने कराया। छात्र संसद किशोर भारती-कन्या भारती-बाल भारती के पदाधिकारियों का परिचय विद्यालय के आचार्य आदित्य द्विवेदी ने कराया ।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने ढोटी में वितरित की मच्छरदानी

**सिंगरौली**

एनटीपीसी विंध्याचल के सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत 20 जुलाई को ग्राम ढोटी में स्वास्थ्य जागरूकता और मच्छरदानी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर ग्रामीण समुदाय के लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया । इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय के लोगों और महिलाओं को मच्छरों से फैलने वाली बीमारियोंए जैसे




डेंगू, मलेरिया अन्य से बचाव करना था। कार्यक्रम के दौरान एनटीपीसी विंध्याचल के कार्यपालक सीएसआर निखिल जायसवाल और उनकी टीम ने मच्छरदानियों का वितरण किया। निखिल जायसवाल ने ग्रामीणों को मच्छरों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि मच्छरदानी का सही उपयोग कैसे किया जाए। साथ ही सभी को स्वस्थ और सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक सावधानियों के बारे में बताया। सभी ग्रामवासी मच्छरदानी पाकर काफी प्रसन्न दिखे। इसके साथ ही स्थानीय वार्ड पार्षद ने एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर ने किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुये

# प्रदेश में सीएम हेल्पलाईन के निराकरण में सिंगरौली जिला टॉप तीन पर

## कलेक्टर ने जिलाधिकारियों को दी बधाई

## राजस्व विभाग के शिकायतों के निराकरण में पहली बार जिला टॉप चौथे स्थान पर रहा

**सिंगरौली।** सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों को निराकरण में सिंगरौली जिला प्रदेश में टॉप तीनों जिलों में रहा तथा संतुष्टि पूर्वक शिकायतों के निराकरण में प्रथम स्थान पर एवं राजस्व विभाग के शिकायतों के निराकरण में पहली बार जिला टॉप चौथे स्थान पर रहा। कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों के त्वरित व संतुष्टि पूर्वक निराकरण के लिए प्रदेश में जिला टॉप-3 नम्बर आने पर अपनी खुशी जाहिर की है। साथ ही इस उपलब्धि के पीछे अधिकारियों को बधाई देते हुये आगे भी इसी तरह से संतुष्टि पूर्वक प्राप्त शिकायतों का निराकरण कर जिले की रैकिंग को टॉप में लाने के लिए निर्देश दिये है।

ज्ञात हो कि प्रदेश स्तरीय सीएम हेल्पलाईन निराकरण की मासिक रैकिंग में जिला तीसरे पायदान पर रहा। जिलें में कुल शिकायते जून माह की 7073 प्राप्त हुई थी। जिसमें से 80 प्रतिशत शिकायते संतुष्टि पूर्वक निराकृत की गई। वही जिलें में प्रथम बार राजस्व विभाग ने उतकृष्ट प्रदर्शन करते हुये प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। राजस्व विभाग के अंतर्गत कुल 1155 शिकायातें प्राप्त हुई थी। जिसमें 933 शिकायतों कों संतुष्टि पूर्वक निराकृत किया गया है। कलेक्टर श्री शुक्ला ने राजस्व अधिकारियों को भी बधाई देते हुये अगली रैकिंग में राजस्व से संबंधित प्राप्त शिकायतों को निराकृत कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया है।

# शहर व ग्रामीण विद्युत विभाग के अभियंता का हुआ तबादला

## बिजली विभाग के स्टाफ ने दी बिदाई



**सिंगरौली।** बिजली विभाग के शहर अभियंता अजीत सिंह बघेल का डिंडोरी तबादला हुआ है। वही ग्रामीण अभियंता अवनीश सिंह का भी सिंगरौली से तबादला हुआ है। जिससे बिजली विभाग के स्टाफ के द्वारा बिदाई समारोह आयोजित किया गया था। जहां विभाग के वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिकारियों-कर्मचारियों के द्वारा भावभीनि बिदाई की गई। बताया जाता है कि शहर अभियंता अजीत सिंह बघेल के स्थानांतरण के बाद अब शहर अभियंता हेमंत चौधरी होंगे। वही ग्रामीण अभियंता ओपी द्विवेदी कार्यभार संभालेंगे। जिले से स्थानांतरित अधिकारियों को बिदाई दी गई। एस ई एमपीईबी आरपी मिश्रा भी मौजूद रहे। विभाग के अधीनस्थ अधिकारियों ने की दोनों अफसरों की जमकर तारीफ की। जहां कर्मचारियों ने कहा कि भविष्य में फिर दोनों अफसरों के नेतृत्व में काम करने की अपेक्षा की है। वही स्थानांतरित अधिकारियों ने कर्मचारियों से अपने अनुभव को साझा किया। इस दौरान विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# मनरेगा के 15वें वित्त उपलब्ध मद अथवा सामुदायिक सहयोग से एक एक सेड बनाया जायें

## गौवंश के पानी और आहार की समुचित व्यवस्था की जाये : शुक्ला

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने मनरेगा जिला पंचायत के पत्र क्रमांक 186 सीएसटी एफ 2/2024 15 जुलाई के परिपेक्ष्य में समीक्षा करते हुये राजस्व एवं जिला पंचायत के अधिकारियों को इस आशय के निर्देश दिये है कि निराश्रति गौवंश की समस्या से इस समय देश के साथ-साथ जिला भी व्यापक स्तर में जूझ रहा है। प्राचीन काल से ही गौवंश ग्राम जीवन की रीढ़ रही है। लेकिन कालंतर में हो रहे विभिन्न प्रकार के प्रयोग और तकनीकी के आ जाने से गौवंश की उपदेयता कम होती चली गई है। वर्तमान में गौवंशो को इनके पालकों ने निराश्रति अवस्था में छोड़ दिया जा रहा है। ऐसे गौवंश यहां-वहां भटकते हुये या तो मार्ग में दुर्घटना कारित करते है तथा अचानक काबिलत हो रहे है। साथ ही गौवंश बड़ी संख्या में गांव के फसलों को नष्ट करते है। जिससे किसानों में व्याप्त असंतोष होता है। इसके निदान के लिए ग्राम स्तर पर व्यवस्था किया जाना आवश्यक है।

कलेक्टर ने निर्देश दिये है कि प्रत्येक राजस्व ग्राम में उपलब्ध चरनोई की शासकीय भूमि का चिन्हांकन एवं सीमांकन कर ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराया जायें। प्रत्येक पंचायतें अपने अंतर्गत आने वाले गौवंशों का आकलन कर विभिन्न आकार के सर्व सुविधायुक्त एवं गुणवत्तायुक्त बाड़े बनायें जहां पर गौवंश की संख्या ज्यादा है। वहा मनरेगा 15वें वित्त अन्य उपलब्ध मद अथवा सामुदायिक सहयोंग से एक एक सेड भी बनायें जायें। गौवंश के पानी और आहार की समुचित व्यवस्था किया जाये। गौवंशों के चराई के लिए एक या अधिक संख्या में चरवाहों की भी व्यवस्था किया जाये। ताकि उनका स्वास्थ्य और भोजन सुनिश्चित किया जा सके। यह व्यवस्था आवश्यक और अनिवार्य रूप से रहेगी। गांव के सेवाभावी लोगों को इन गतिविधियों से जोड़ा जाये। गर्भवती एवं दूध पिलाने वाली गायों के लिए अलग से समुचित व्यवस्था किया जायें। पंचायतों में उपलब्ध 15वें वित्त एवं मनरेगा के राशि का व्यय करें। कलेक्टर ने पंचायतों को यह भी निर्देश दिये है कि कोई भी निराश्रित गौवंश न रहे तथा खेती में अथवा सड़को में घूमता न पाया जायें। वही जिलें में मुख्यमंत्री गौ सेवा योजना के अंतर्गत निर्मित एवं संचालित गौंशालाओं के संचालक इस विषय में सार्थक भूमिका का निर्वहन करे।

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जिला-सीधी (म0प्र0)**

क्रमांक/318 /3-ए.वित्त/2024 सीधी दिनांक 02.07.2024

**ई-निविदा सूचना पत्र**

कार्यालय कलेक्टर जिला सीधी/अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व)/तहसीलदारों (सीधी जिले में पदस्थ राजस्व अधिकारी) एवं जिला सत्कार शाखा के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में मासिक किराये पर लगाये जाने हेतु www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | वेबसाईड www.mptenders.gov.in पर निविदा उपलब्ध होने की तिथि | 04.07.2024 समय 10.30 सुबह |
| 02 | वेबसाईड www.mptenders.gov.in पर नियत शर्तो/निर्देशों के अनुसार तकनीकी और वित्तीय ई-निविदा ऑन लाईन अपलोड करने की अंतिम तिथी एवं समय | 25.07..2024 समय 03.00 बजे दोपहर तक |
| 03 | निर्धारित नियम शर्तो/निर्देशों के अनुसार तकनीकी ई-निविदा के रूप में अन्य अभिलेखों के साथ-साथ वेबसाईट में अपलोड ई-निविदा आवेदन शुल्क और धरोहर धनराशि (अनरेस्ट मनी ) का अलग-अलग प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय | 26.07.2024 समय 03.00 बजे दोपहर तक |
| 04 | निविदा समिति द्वारा ई-निविदा की तकनीकी प्रस्ताव खोले जाने तथा नियमानुसार तकनीकी प्रस्तावों का मूल्यांकन आदि हेतु तिथि और समय | 29.07.2024 समय 03.00 बजे दोपहर तक |
| 05 | तकनीकी ई-निविदा में सफल निविदाओं की नियमानुसार वित्तीय ई-निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय | 30.07.2024 समय 4.00 बजे शायं |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित आवश्यक जानकारी www.mptenders.gov.in एवं निविदा संबधी जानकारी जिले की बेवसाईट www.sidhi.nic.in पर देखी जा सकती है।

जी-13688/24

अपर कलेक्टर
जिला-सीधी ( म.प्र. )

### मतदाताओं के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए बोले सांसद डॉ राजेश मिश्रा

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत बनेगा विश्व की महाशक्ति



**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने सीधी नगर मंडल द्वारा शक्ति केंद्र के सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी महाशक्ति बनने जा रहा है। लोकसभा सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने शानदार विजय श्री दिलाने के लिए दोनों हाथ जोड़कर जनता जनार्दन का आभार जपित करते हुए कहा कि शक्ति केंद्र के सम्मेलन में पोलिंग एजेंट का सम्मान केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी में ही हो सकता है। पार्टी ने इन्हें त्रिदेव और पंच परमेश्वर की संज्ञा से नबजा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार गरीबों, दलितो,शोषितो, वंचितो, बेसहारा सभी प्रकार के लोगों की सरकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने एक और तो देश को समृद्धशाली बनाया है वहीं दूसरी ओर गरीबों के जीवन स्तर को उठाते हुए उन्हें वैभव संपन्न बनाने में जुटी हुई है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने बताया कि सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने सभी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। इस दौरान उत्साहित कार्यकर्ताओं ने दोनों हाथ उठाकर भारत माता की जय, डॉ राजेश मिश्रा जिंदाबाद के जोरदार नारे लगाकर गर्म जोशी से नवनिर्वाचित सांसद डॉ राजेश मिश्रा का अभिनंदन किया। भारतीय जनता पार्टी के नेता और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र सिंह मुन्नू ने सीधी नगर के शक्ति केंद्र सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार गरीबों की सरकार है। भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में ही सीधी का सर्वांगीण विकास हुआ है। सीधी को मिनी स्मार्ट सिटी का दर्जा दिलाकर चारों ओर चमचमाती सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। बाईपास फोरलेन, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज जैसी महत्वपूर्ण सौगात भाजपा के शासनकाल में ही मिली है।

शक्ति केंद्र के सम्मेलन में मंडल अध्यक्ष मुनिराज विश्वकर्मा ने शक्ति केंद्र में चल रही गतिविधियों की जानकारी देते हुए आए हुए अतिथियों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला मंत्री अमित प्रधान सहित अनेक शक्ति केंद्र के पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों को भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना तथा टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना का मिलेगा लाभ

**सीधी।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विकास ने जानकारी देकर बताया है कि म.प्र. शासन जनजातीय कार्य विभाग द्वारा म.प्र. आदिवासी वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के क्रियान्वयन के लिये प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई।

उन्होंने बताया कि भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना के लिए ऐसे अनु. जनजाति के सदस्य जिनकी उम्र 18 से 45 साल के मध्य हो, परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रूपये से अधिक न हो तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवी उत्तीर्ण हो उन्हें इस योजना का लाभ प्राप्त होगा। इसी प्रकार टंट्या मामा अर्थिक कल्याण योजना के लिए ऐसे अनु. जनजाति के सदस्य जो आयकर दाता न हो, जिनकी उम्र 18 से 55 साल के मध्य हो उन्हे सभी प्रकार के स्वरोजगार गतिविधियो हेतु राशि रूपये 10 हजार से 1 लाख तक की परियोजनाओ के लिये बैंको के माध्यम से ऋण स्वीकृत किया जायेगा।

# मारपीट के आरोपियों को एक-एक वर्ष का कठोर कारावास की सजा

**सीधी।** बताया गया कि फरियादी सुधीर सिंह तनय यमुना प्रसाद सिंह उम्र 55 वर्ष साकिन ग्राम बंजारी जिला सीधी ने दिनाँक 06.04.2016 को पुलिस चौकी जमोडी में इस आशय की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई कि उक्त दिनाँक को सुबह 09ः00 बजे के लगभग वह हायर सेकण्ड्री स्कूल के बगल में ग्राम बंजारी, थाना कोतवाली, जिला सीधी में उसके खेत गया था, जहां उसने देखा कि परिवार के कुछ लोग वही पर अपनी भैस गाय चरा रहे थे तब उसने चिल्लाकर कहा कि यह भैस गाय बाहर निकालो, फसल सब नस्ट हो जायेगी तब वही दूर खडे संजु उर्फ संजय सिंह व अन्जू उर्फ प्रभुदेव सिंह हांथ मे लिये लाठी लेकर आये व मुझे दोनो मिलकर माँ वहन की अश्लील गालिया देने लगे कि हमारे गाय भैस यहीं चरेंगे तब मैने उन्हे मना किया कि मेरी फसल पक गई है पहले भैंस गाय बाहर निकालो तब मुझे संजु उर्फ संजय सिंह पकड लिया व अन्जू उर्फ प्रभुदेव सिंह ने एक लाठी एवं हाथ मुक्कों से मारपीट की तथा उसे जान से खत्म करने की धमकी दी। उक्त मारपीट से फरियादी की हाथ की अंगुली फ्रैक्चर हो गई। उक्त सूचना के आधार पर पुलिस चौकी जमोड़ी, थाना कोतवाली, जिला सीधी में अपराध क्रमांक 274/16 का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया एवं विवेचना उपरांत अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय सीधी में प्रस्तुत किया गया, जिसके न्यायालयीन प्र. क्र.1600260/16 में शासन की ओर से शसक्त पैरवी करते हुए एडीपीओ सुश्री सीनू वर्मा द्वारा मामला संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी की न्यायालय के द्वारा अभियुक्तगण संजय सिंह उर्फ संजू तनय जय सिंह चैहान, उम्र 38 वर्ष एवं प्रभुनाथ सिंह उर्फ अज्जू तनय जय सिंह चैहान, उम्र 43 वर्ष, दोनों निवासी ग्राम बंजारी, थाना जमोड़ी, जिला सीधी, (म0प्र0) को धारा 325/34 भादवि में 1-1 वर्ष के कठोर कारावास एवं 500/-500/- रू. अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया गया।

## प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोंसिएशन सौंपेगा ज्ञापन

**सीधी।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक 08 जुलाई 2024 को अध्यक्ष देवीचरण शर्मा के द्वारा उपस्थित सभी पेंशनर्स को प्रान्ताध्यक्ष ओ.पी. बुधौलिया के पत्रों का वाचन कर सभी पेंशनर को अवगत कराया गया था कि शासन द्वारा पेंशनर्स की उपेक्षा की जा रही है, जिससें पेंशनर्स में असंतोष व्याप्त है। प्रान्ताध्यक्ष द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में जिला, अनुविभाग एवं तहसील स्तर पर दिनांक 24 जुलाई 2024 को माननीय मुख्यमंत्री जी के नाम 9 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन कलेक्टर/एस.डी.एम. एवं तहसीलदार के माध्यम से सौंपने का निर्देश दिया गया है, जिसकी जानकारी समस्त पेंशनर्स को पूर्व से है। अत: दिनांक 24 जुलाई 2024 को ज्ञापन सौंपने हेतु सुबह 11 बजे बीथिका भवन प्रांगण में उपस्थित आवे एवं दोपहर 12 बजे माननीय कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपने में संघ को सहयोग प्रदान करें।

# बुलडोजर कार्यवाही से नाखुश ग्रामीण करेंगे एसडीएम कार्यालय का घेराव

सीधी

जिले के आदिवासी अंचल का एक बहुचर्चित मामला है जहां कुसमी मुख्यालय में स्थित सीएम राइज भवन बनाने के लिए 14 भवन को गिराए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया था। जिनमें से एक कुसमी का संस्कृतिक भवन है।जिसे अधिकारी और कर्मचारियों के सामने ही उसे डिस्पोजल बना दिया गया। उस पर बुलडोजर भी चला दिया गया। ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध ग्रामीण लामबंद हो गए हैं और समाजसेवी ने अब इसके खिलाफ भी मुहिम छेड़ दी है।

समाज सेवी आनंद सिंह दुदूआ ने जानकारी देते हुए बताया है कि ऐसे अधिकारी और कर्मचारी जो बने भवन को सही हालत मे होते हुए भी जर्जर होना कागज में दिख रहे हैं उन्हें सारे दस्तावेज उपलब्ध कराने होंगे। आम जनता के सामने यह दिखाना होगा कि आखिर संस्कृतिक भवन सहित अन्य भवनों को किस प्रकार से डिस्पोजल किया गया है अगर सही जानकारी उपलब्ध नहीं हुई तो एसडीएम कार्यालय का हम सभी गांव वाले मिलकर घेराव करेंगे।

# भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार ने किया पार्टी के त्रिदेव का सम्मान



**सीधी।** प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार पूरे जिले में चलाए जा रहे शक्ति केंद्र सम्मेलनों में त्रिदेव के सम्मान के कार्यक्रम भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान के नेतृत्व में सफलतापूर्वक चलाए जा रहे है।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने बताया कि इसी तारतम्य में सेमरिया मंडल के सेमरिया शक्ति केंद्र में भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने त्रिदेव यानी बूथअध्यक्ष, बीएलए और बूथ के महामंत्री के साथ-साथ सभी पोलिंग एजेंटो का सम्मान का कार्यक्रम किया गया।

शक्ति केंद्र के सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि पोलिंग एजेंट पार्टी की महत्वपूर्ण कड़ी है। यह हर परिस्थिति में पार्टी को अधिकतम मत प्राप्त हो, इसके लिए जी जान से मेहनत करते हैं। जिसके कारण पार्टी ने निर्णय लिया कि हम पोलिंग एजेंट का सम्मान करेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान ने कहा कि जिलेभर में विभिन्न शक्ति केंद्र के सम्मेलनों में पोलिंग एजेंट के सम्मान के कार्यक्रम किया जा रहे हैं। जिसमें हमारे सभी सांसद, विधायक एवं पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं। मंडल अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने मंडल में चल रही गतिविधियों की जानकारी देने के साथ-साथ आए हुए अतिथियों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शक्ति केंद्र में निवास रथ पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता, त्रिदेव और पंच परमेश्वर शामिल हुए।

# मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ लेने ऑनलाइन करें आवेदन

**सीधी।** महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि उद्योग संचालनालय म.प्र. भोपाल के पत्र दिनांक 19.06.2024 के अनुसार मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु सीधी जिले के लिए शासन द्वारा भौतिक लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं। जिले के मान्य सभी बैंक शाखाओं को शाखावार मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के लक्ष्य आवंटित कर दिए गए है। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजनांतर्गत स्वयं का व्यवसाय/सेवा/उद्योग स्थापित करने वाले इच्छुक आवेदकों से एमपी ऑनलाइन के श्समस्तश् पोर्टल के माध्यम से ऋण आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। योजनांतर्गत 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण, 18 वर्ष से 45 वर्ष की आयु वाले व्यक्ति व्यवसाय और सेवा क्षेत्र के लिए 50 हजार से 25 लाख रूपये तक तथा उद्योग (विनिर्माण) के लिए 50 हजार से 50 लाख रूपये तक की परियोजना लागत हेतु ऑनलाइन आवेदन समस्त पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। योजनांतर्गत ब्याज अनुदान एवं सीजीटीएमएसई अनुदान की पात्रता है। आवेदकों से अपेक्षा है कि योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए कार्यालय दिवस व समय में कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सीधी (श्री गुलाब टावर सिंगरौली रोड, डैनिहा सीधी प्रथमतल) से सम्पर्क कर सकते हैं।

# दूरदर्शन की अनुप्रसारण सेवाए हुई ठप्प, शोपिस बने भवन



**सीधी।** कलेक्ट्रेट में आम नागरिको को दूरदर्शन की सेवाए उपलब्ध कराने हेतु अनुप्रसारण केन्द्र का निमार्ण किया गया जिसे केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2021 में बंद कर दिया गया 03 वर्षों में अभी तक दूरदर्शन केन्द्र का भवन रिक्त है जबकि कलेक्ट्रेट के कई ऐसे विभाग है जिनको किराए की भवन में कार्यालय लग रहे है। प्रति वर्ष लाखों रुपए किराए के रुप में शासन के मद से बरबाद हो रहे है। जिसकी सुध लेनें वाला कोई नहीं है। आपातकालीन गेट हुआ बंद कलेक्ट्रेट से लगा नया भवन बनने के कारण गोपद बनास तहसील में पहुचना हुआ कठिन।

पूर्व में मुख्य द्वार के अतरिक्त पश्चिम दिशा से भी आमजन मानस को आवागमन हेतु मार्ग का निमार्ण किया गया था। जिसको कलेक्ट्रेट की नयी बिल्डिंग के निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा बंद कर दिया गया और इसकी कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गयी जबकि कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित दूरदर्शन केन्द्र के सामने से दक्षिण दिशा में मुख्य मार्ग की ओर आम रास्ते को पिछले 03 वर्षो से बंद कर दिया गया। तिराहे बन रहा है एक्सीडेट ब्लैक स्पॉट। कलेक्ट्रेट के अन्दर से ही शिवाजी नगर, नौढ़ियॉ कई गांव की मुख्य सड़के जुड़ी है जिससे होकर ग्रामीण निकलते है जिससे कलेक्ट्रेट भवन के सामने अघोषित तिराहे पर आए दिन सड़क हादसा होता रहता है। कलेक्ट्रेट में काम से आने वाले आमजन सब्जीमड़ी जैसा माहौल अनुभव करते है।

## किशोरी से भाई ने किया दुष्कर्म, बहनें गर्भपात की करा रही थीं कोशिश, आरोपित व नर्स समेत चार गिरफ्तार

**सीधी।** दुष्कर्म के बाद किशोरी का गर्भपात कराने की कोशिश का मामला सामने आया है। किशोरी के पिता की सूचना पर आरोपित पुष्पेंद्र कुशवाह, उसकी दो बहनों और नर्स शकुंतला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपितों को जेल भेज दिया गया। किशोरी को संजय गांधी अस्पताल रीवा रेफर कर दिया गया है।

थाना प्रभारी कोतवाली अभिषेक उपाध्याय के अनुसार, किशोरी के पिता ने शिकायत की कि आरोपित पुष्पेंद्र कुशवाह ने उसकी नाबालिग बेटी से गत जनवरी में दुष्कर्म किया था। इससे उसे छह माह का गर्भ था। इसके बाद आरोपित और उसकी दो बहनें एक नर्स से किशोरी का गर्भपात करा रहे थे।

# पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए दिव्यांग सहायता योजना एवं ई-स्कूटर हेतु अनुदान योजना 2024 लागू

**सीधी।** श्रम पदाधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि सहायक सचिव मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल भोपाल के पत्र दिनांक 19.06.2024 द्वारा प्रदेश के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए दो नवीन योजनाऐं लागू की गई हैं। उन्होंने बताया कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण दिव्यांग सहायता योजना 2024 में पंजीकृत हिताधिकारी निर्माण श्रमिक एवं उनके पंजीयन कार्ड में सम्मिलित आश्रित परिवार के सदस्य को मोटर चलित तिपहिया साईकल एवं अन्य

### दिव्यांग उपकरण एवं ई-स्कूटर वाहन क्रय करने पर मिलेगा अनुदान

सभी दिव्यांग उपकरण क्रय करने पर 100 प्रतिशत राशि (अधिकतम 35 हजार रूपये) मण्डल द्वारा अनुदान के रूप में प्रदाय की जायेगी। इसी प्रकार भवन एवं अन्य सन्निर्माण ई-स्कूटर हेतु अनुदान योजना 2024 में पंजीकृत हिताधिकारी निर्माण श्रमिक ई-स्कूटर वाहन क्रय किए गये वाहन का 50 प्रतिशत राशि (अधिकतम 40 हजार रूपये) मण्डल द्वारा अनुदान के रूप में प्रदाय की जायेगी। उपरोक्त योजनाएं पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए लागू की गई है। योजना का राजपत्र में प्रकाशन राज्य शासन द्वारा दिनांक 14 जून 2024 को प्रकाशित राजपत्र में हो चुका है, तथा उक्त योजनाएं पूरे मध्यप्रदेश राज्य में राजपत्र प्रकाशन दिनांक से लागू की जा चुकी है। उन्होंने पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अपने-अपने निकाय कार्यालय अथवा जिला श्रम कार्यालय से सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकेगा।

# किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा करा सकते हैं : उप संचालक कृषि

**सीधी।** उप संचालक कृषि ने जानकारी देकर बताया है कि सीधी जिले के किसान 31 जुलाई 2024 तक अपनी खरीफ फसल का बीमा करा सकते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान भाई जिले में एग्रीकल्चर इन्स्योरेंस कम्पनी ऑफ इण्डिया लिमिटेड के माध्यम से अपनी खरीफ फसलों का बीमा 31 जुलाई 2024 तक करा सकते है। ऋणी कृषको का सम्बंधित वित्तीय बैंक (संस्था) के माध्यम से फसल बीमा किया जाएगा। अऋणी कृषक सम्बन्धित बैंक से या वीमा अभिकर्ता (कम्पनी के तहसील प्रतिनिधि) एवं सी. एस. सी. अथवा स्वयं पीएम एफ वी बाय पोर्टल के माध्यम से अपनी फसलों का वीमा करा सकते हैं। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला सीधी ने बताया कि खरीफ फसलो का बीमा कराने के लिए भू-अधिकार पुस्तिका या बी 1, आधार कार्ड बैंक पासबुक तथा फसल बुवाई प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। फसल बीमा कराये जाने पर प्राकृतिक आग (आकाशीय बिजली गिरना बादल, फटना, तूफान, ओलावृष्टि, चक्रवात, बाढ़, जल भरावं, भू-स्खलन, सूखा, कीट व्याधियां इत्यादि से फसल नुकसान होने पर किसान भाई फसल वीमा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। फसल बीमा के संबंध में किसान भाई एग्रीकल्चर इश्योरेस कम्पनी ऑफ इण्डिया लिमिटेड के टोल फ्री नम्बर 18005707115 पर या किसान कॉल सेन्टर (कृषि रक्षक हेल्पलाइन) 14447 अथवा सीधी जिले में पदस्थ फसल बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि से सम्पर्क कर सकते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल बीमा कराने के लिए सीधी जिले हेतु पटवारी हल्का स्तर पर धान सिंचित के लिए प्रीमियम राशि 817.20 रूपये प्रति हेक्टेयर, धान अधिचित के लिए 617.10 का प्रतिहेक्टेयर तुअर अरहर के लिए 608.22 रुपये प्रति हेक्टेयर मक्का के लिए 597.12 रुपये प्रति हेक्टेयर, तहसील स्तर पर ज्वार के लिए 478.46 रुपये प्रति हेक्टेयर पर, तिल के लिए 471.94 रुपये, कोदो कुटकी के लिए 316.06 रुपये जिला स्तर की फसल पर उड़द के लिए 434.7 रुपये प्रति हेक्टेयर मुंग के लिए 426.56 रुपये प्रति हेक्टेयर प्रीमियम राशि है जो की बीमित राशि का 2 प्रतिशत है।

# सीधी को संभाग बनाने हेतु सांसद को निर्णायक पहल करने हेतु सौंपा ज्ञापन

### गौ वंश के संरक्षण, संवर्धन एवं सीधी शहर को मांस मंडी से मुक्त कराने के लिए भी पहल करने के लिए ज्ञापन में मांग रखी गई



शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन देने के पश्चात मुख्यमंत्री जी के द्वारा संभाग बनाने की मांग पर सद्भावना पूर्वक विचार करने का

**सीधी।** को संभाग बनाने के संदर्भ में निर्णायक पहल करने के लिए सीधी संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद डॉ राजेश मिश्रा को ज्ञापन सौप कर वरिष्ठ अधिवक्ता, समाज सेवी उदय कमल मिश्र ने जानकारी दी है कि सीधी संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉ राजेश मिश्रा के नामांकन के संदर्भ में 20 मार्च को सीधी प्रवास पर आयें प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री मोहन यादव जी से मिलकर सीधी को संभाग बनाने, गौ वंश के संरक्षण संवर्धन एवं सीधी शहर को मांस मंडी से मुक्त कराने के लिए ज्ञापन दिया गया था। मुख्यमंत्री जी ने मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करने के बाद आश्वासन दिया था कि लोकसभा निर्वाचन के पश्चात वरियता के आधार पर मांगों पर विचार किया जावेगा। श्री मिश्र ने सांसद को दिये गयें ज्ञापन में कहा हैं कि 23 मई 2013 से हजारों पत्र तात्कालिक मुख्यमंत्री को भेजकर सीधी को संभाग बनाने की मांग की गई थी, सीधी को संभाग बनाने के संदर्भ में जनप्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं, समाजसेवियों, कर्मचारी, अधिकारीगण एवं मीडिया जगत के लोगों द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र भेजने के पश्चात 31 जुलाई 2013 को उच्च विश्राम गृह सीधी तात्कालिक मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन देने के पश्चात मुख्यमंत्री जी के द्वारा संभाग बनाने की मांग पर सद्भावना पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया गया जिस कारण पत्र भेजने के अभियान को विराम दिया गया। 31 जुलाई 2013 के पश्चात समय-समय पर मुख्यमंत्री जी को सीधी संभाग बनाने के लिए ज्ञापन, पत्र भेजें जा रहे हैं। सीधी को यदि शहडोल की तरह संभाग का दर्जा दिया गया तो इस आदिवासी बाहुल्य जिले का सर्वांगीण विकास संभव है। सीधी को संभाग बनायें जाने की सभी अनुकूल परिस्थितियां है। सीधी जिले की जनता जनार्दन की आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए सीधी को संभाग का दर्जा प्राप्त इस हेतु सीघ्र घोषणा करने की आवश्यकता है। सांसद को दिये गयें ज्ञापन में कहा गया है कि सीधी जिले में गौ वंश, गौ शालाओं से बाहर रहकर दर दर की ठोकरें खा कर भूख प्यास से मर रहे हैं, बेसहारा परिस्थितियों में कुत्तों एवं गौ तस्करों के शिकार हो रहे हैं, दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद उन्हें समुचित उपचार एवं आश्रय की व्यवस्था नहीं है इसलिए जिले में गौ वंश के संरक्षण संवर्धन पर विशेष प्रयास करने की आवश्यकता है साथ ही सीधी शहर जो वर्तमान में मांस मंडी में तब्दील है, खुले में बेजुबानों की हत्या की जा रही है इसलिए मांस विक्रेताओं को लंबे समय से निर्माणाधीन स्लाटर हाउस में भेजने की पहल की जाय जिससे शहर साफ सुथरा रह सकें।

## संपादकीय

### मौसम का कहर और बाढ़ की त्रासदी

देश के कई इलाकों में इन दिनों लोगों को भारी बरसात की वजह से बाढ़ की त्रासदी झेलनी पड़नी पड़ रही है। वहीं, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत कई क्षेत्रों में मानसून के बादल बरसने में संकोच कर रहे हैं। नतीजतन, उमस भरी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। ऐसे में सवाल है कि आखिर मौसम प्रणाली में इस कदर असंतुलन क्यों पैदा हो रहा है? भारतीय मौसम विभाग की ताजा रपट में कहा गया है कि उत्तर-पश्चिम भारत में इस वर्ष जून का महीना 31.73 डिग्री सेल्सियस औसत तापमान के साथ वर्ष 1901 के बाद से सबसे गर्म रहा है। इस बीच, दिल्ली में मई से जून के बीच बत्तीस दिन ऐसे रहे, जब तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। इसके बाद दिल्ली में मानसून की दस्तक के साथ ही चौबीस घंटों में इतना पानी बरसा कि अट्ठासी वर्षों का रेकार्ड टूट गया। उसके बाद हल्की बारिश ही हो रही है, जिससे उमस भरी गर्मी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। वहीं, पहाड़ी इलाकों में बादल फटने और मैदानी क्षेत्रों में बिजली गिरने की घटनाएं बढ़ रही हैं। इससे पिछले दो-तीन सप्ताह में कई लोगों की जान जा चुकी है। मौसम के इस बदलते मिजाज के पीछे जलवायु परिवर्तन को कारण माना जाता है। यूनिवर्सिटी आफ टेक्सास की ताजा रपट के मुताबिक, मौसम में आ रहे बदलाव जलवायु परिवर्तन के खतरों का संकेत हैं। बढ़ती वैश्विक तपिश से भविष्य में और भी भयावह परिणाम देखने को मिल सकते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि मौसम में तेजी से हो रहे बदलावों के पीछे कार्बन उत्सर्जन का बड़ा योगदान है। दरअसल, पृथ्वी पर कार्बन उत्सर्जन बहुत तेजी बढ़ रहा है, जिसका सीधा प्रभाव मौसम पर पड़ रहा है। हवा में बढ़ते 'एयरोसोल सल्फेट' की मात्रा भी धरती का तापमान बढ़ा रही है, जिससे अरब और हिंद महासागर का तापमान बढ़ रहा है और इससे मानसून पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में साफ है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भारत समेत दुनिया भर में हो रहे प्रयासों को गति देने की जरूरत है। तभी मौसम में हो रहे असामान्य बदलावों का असर कम हो पाएगा।

# शिष्य निर्माण और राष्ट्रभक्ति की अद्वितीय मिसाल हैं आचार्य सांदीपनि

**गुरु पूर्णिमा के पुण्य दिवस पर सभी परम गुरुओं को हार्दिक नमन अपने ज्ञान के प्रकाश से समृद्ध करने के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिये हमें प्रेरित करने वाले गुरुजन का ह्दय से आभार। गुरु हमें ज्ञान, गौरव और गंतव्य का भान कराने के साथ हमारी जीवन यात्रा का मार्गदर्शन करते हैं।**

डॉ. मोहन यादव

गुरु-शिष्य परंपरा में गुरु ज्ञान से स्वयं का साक्षात्कार संभव है। इस ज्ञान की अनुभूति की साक्षी है गुरु पूर्णिमा। गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहते हैं। मान्यता है कि गुरु पूर्णिमा महर्षि वेद व्यास का प्रकटीकरण दिवस है। महर्षि व्यास ने वैदिक ऋचाओं को संकलित कर वेदों का वर्गीकरण, महाभारत तथा अन्य रचनाओं से भारतीय वांग्ड्मय को समृद्ध किया। भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा अति पुरातन है। इस परंपरा से ही व्यक्ति निर्माण से लेकर राष्ट्र निर्माण तक की प्रेरणा में गुरुजन का मार्गदर्शन है।

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर मुझे व्यक्ति निर्माण, समाज निर्माण और राष्ट्र के लिये समर्पित गुरु सांदीपनि जी का स्मरण आता है। लगभग 5 हजार साल पूर्व शिष्यों और समाज के लिये संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले गुरु सांदीपनि जी का जीवन चरित्र हम सभी के लिये आदर्श है। उनके जीवन में कष्ट और दुःख की कोई सीमा नहीं थी। उनका राष्ट्र के प्रति समर्पण और अपने शिष्यों के प्रति प्रेम अद्भुत, अनूठा और अलौकिक रहा है जिसकी मिसाल दुनिया में दूसरी नहीं है। सांदीपनि जी का आश्रम मूलतः पहले गंगा किनारे बनारस में स्थापित था जहां उन्होंने अपने शिष्यों को 64 कलाएं, 14 विधाएं, 18 पुराण और 4 वेदों की शिक्षा-दीक्षा देकर प्रशिक्षित करने के लिये गुरुकुल का संचालन किया।

उस समय मथुरा में महाराज उग्रसेन को हटाकर जैसे ही कंस ने सत्ता के सूत्र हाथ में लिये, आचार्य सांदीपनि सहित विश्व के आचार्यों को अपने गुरुकुल बंद करने पड़े। उन्होंने अपना आश्रम छोड़कर तीर्थाटन की राह पकड़ी। अराजकता और अशांति के वातावरण में कोई गुरुकुल कैसे चला सकता है। आचार्य सांदीपनि, अपने 6 माह के पुत्र पुनर्दत्तऔर धर्मपत्नी तीर्थाटन करते हुए पश्चिमी भारत (वर्तमान द्वारिका), प्रभास पाटन के क्षेत्र से तीर्थाटन कर गुजर रहे थे। यह वह समय था जब देश पर आसुरी शक्तियों ने अलग-अलग प्रकार से भारत पर कब्जा जमा लिया था।

आचार्य सांदीपनि की प्रसिद्धी दुनिया भर में फैली थी। हर कोई चाहता था कि उनके बच्चे आचार्य सांदीपनि से दीक्षित-शिक्षित हों। उस समय यहां के नेता यम नाम से जाने जाते थे। उन्होंने आचार्य सांदीपनि से अपने बच्चों को शिक्षित-दीक्षित करने का दबाव डाला। चूंकि आचार्य सांदीपनि की शिक्षा-दीक्षा राष्ट्र और समाज निर्माण के लिये थी इसलिए वे किसी प्रकार के दबाव में नहीं आये और राष्ट्र विरोधी तत्वों को शिक्षा देने के प्रस्ताव को सिरे से नकार दिया। यम द्वारा डराने, धमकाने और यातनाएं देने पर भी आचार्य झुके नहीं और अपने निर्णय पर अटल रहे। आचार्य को प्रताड़ित करते हुए शासकों ने उनके बच्चे को छुड़ा लिया तथा आचार्य और माता को अपमानित कर भगा दिया।



इसके बाद आचार्य उज्जैन आए और सांदीपनि आश्रम स्थापित कर भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन में देश के बच्चों के भविष्य निर्माण के लिये शिक्षा-दीक्षा आरंभ की। सांदिपनि आश्रम में भगवान श्रीकृष्ण और उनके भ्राता बलराम को शिक्षा प्राप्त करने के लिए महाकाल की नगरी उज्जैन भेजा गया, जहां उनकी मित्रता सुदामा से हुई। शिक्षा के उपरांत श्रीकृष्ण ने गुरुमाता को गुरु दक्षिणा देने की बात कही। इस पर गुरुमाता ने श्रीकृष्ण को अद्वितीय मानकर गुरु दक्षिणा में अपना पुत्र वापस मांगा। आचार्य सांदीपनी को जब पूरी बात पता चली, तो उन्होंने नाराज होते हुए कहा कि मेरे दुःख और मेरी व्यक्तिगत समस्या में मेरे शिष्य को क्यों शामिल किया।

श्रीकृष्ण ने उनके पुत्र को वापस लाने के लिये शस्त्र चाहे। आचार्य ने भगवान परशुराम के आश्रम जानापाव में जाने के लिए कहा। भगवान परशुराम ने श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र प्रदान करते हुए उसकी विशेषता बताई। भगवान परशुराम की आज्ञा लेकर श्रीकृष्ण प्रभास पाटन जाते हैं। जहां यम नामक असुर से युद्ध कर उसके प्राणों का अंत करते हैं और आचार्य के पुत्र को वापस उज्जैन लाकर गुरु दक्षिणा भेंट करते हैं।

श्रीकृष्ण प्रभास पाटन का राज्य राजा रैवतक को देते हैं। राजा की पुत्री रेवती से बलराम का विवाह होता है। इसके बाद श्रीकृष्ण मथुरा की ओर प्रस्थान करते हैं। इसी युग में आसुरी शक्तियों का विनाश कर योग्य व्यक्ति को राज्य सौंपने का एक और उदाहरण है कि भगवान श्रीकृष्ण ने मथुरा में कंस को मारकर महाराज उग्रसेन को पुनः सिंहासन पर बैठाया था।

काल के प्रवाह में आचार्य सांदीपनि का अपने देश के लिए अद्वितीय योगदान जानना जरूरी है। आचार्य सांदीपनि द्वारा अपने ज्ञान से शिष्य निर्माण और अपने राष्ट्र के प्रति समर्पण एक अद्वितीय मिसाल है। गुरु पूर्णिमा पर आचार्य सांदीपनि जी का यह प्रेरक पक्ष सभी के समक्ष आना चाहिए।

मेरी दृष्टि में, हमारे जीवन में पांच गुरुओं का विशेष महत्व है। सबसे पहली गुरु, माता जो जन्म और जीवन के संस्कार देती है, दूसरे पिता जो साथ, संबल, सहयोग के साथ पुरुषार्थ और पराक्रम का भाव निर्मित करते हैं। तीसरे, शिक्षक जो पाठ्यक्रम में निर्धारित शिक्षा प्रदान कर हमें शैक्षणिक ज्ञान से समृद्ध करते हैं। चौथे गुरु, जिनसे हम आध्यात्मिक शिक्षा प्राप्त करते हैं, जो स्वत्व को जागृत कर आत्मज्ञान का बोध कराते हैं और हमें हमारे जीवन की नई ऊंचाइयों और नये लक्ष्यों के लिये प्रेरित करते हैं। पांचवां गुरु आईना है जो, हमें हमारे वास्तविक स्वरूप से परिचित कराता है इससे आत्म-चेतना जागृत होती है और हम अपने व्यक्तित्व और कृतित्व में श्रेष्ठता को प्राप्त कर सकते हैं।

गुरु हमारी प्राकृतिक प्रतिभा का आकलन करके हमारी मौलिक प्रतिभा को जागृत करते हैं, मार्गदर्शित करते हैं। आचार्य सांदीपनि जी ने ऐसे शिष्यों का निर्माण किया है जिन्होंने समाज, राष्ट्र और विश्व कल्याण का इतिहास रचा है।

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आचार्य सांदीपनि का पुण्य-स्मरण।

**( लेखक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं )**

# बाबा साहेब को भूलकर फर्जी बाबाओं के चक्कर में समाज

**(श्यौराज सिंह 'बेचैन', प्रोफेसर, दिल्ली विवि)**

उत्तर प्रदेश के हाथरस में आंबेडकरवादी, लोहियावादी, दलित-पिछड़ा वर्ग राजनीति, दलित साहित्य और अन्य पिछड़ा व बहुजन साहित्य की नाकामी का बहुत बड़ा प्रमाण उपस्थित हुआ, जिस पर चर्चा थमने का नाम नहीं ले रही है। इस त्रासदी को भूलना मुश्किल है। सूरजपाल जाटव उर्फ साकार हरि 'बाबा' के तथाकथित सत्संग में आखिर 121 मौतें कैसे हो गईं?



सबसे त्रासद यह कि अधिसंख्य मौतें दलित व अतिपिछड़े समाज की महिलाओं और नाबालिग बच्चों की हुई हैं। ज्यादातर मृतक महिलाएं ऐसे परिवारों से ताल्लुक रखती थीं, जिनमें बाबा साहेब आंबेडकर की शिक्षाओं की चर्चा होती है। गौर करने की बात है कि साल 1990 के बाद से ही बहुतों के घरों में बाबा साहेब की तस्वीरों के बरक्स नाना प्रकार के कथित बाबाओं की तस्वीरें प्रवेश पाने लगी हैं। आज जगह-जगह बाबा साहेब और गौतम बुद्ध की प्रतिमाएं स्थापित हैं, पर इनका कोई प्रभाव वंचित जातियों में दिखाई नहीं देता है। पढ़े-लिखे अफसर और अनेक दलित नेता या तो राजनीतिक सत्ता की बात करते हैं या फिर कथित बाबाओं के लिए चंदा जुटाते दिखते हैं। अफसोस, बड़ी संख्या में ऐसे वंचित लोग हैं, जो बाबा साहेब की न तो किताबें पढ़ते हैं और न ही उनकी शिक्षा को याद करते हैं।

वरिष्ठ नेता कांशीराम ने एक समय दावा किया था कि हमने बसपा के बहुजन संगठक पत्र और बहुजन प्रचार के जरिये बाबा साहेब के विचारों को उत्तर प्रदेश के घर-घर में पहुंचाया है, जबकि वह प्राथमिक शिक्षा भी ग्रामीण दलित महिलाओं तक नहीं पहुंचा पाए थे। ध्यान देने की बात है, सन् 1956 में बाबा साहब ने जब बौद्ध धर्म अपनाया, तब महाराष्ट्र की अल्पशिक्षित व अशिक्षित महिलाओं ने अपने-अपने घर से आडंबरी बाबाओं की तस्वीरें और मूर्तियां निकाल बाहर फेंक दी थीं और आंबेडकरी विचार-प्रचार के लिए समर्पित संस्थाओं, व्यक्तियों, मलाईचाटू अफसरों और नेताओं को आत्म-विश्लेषण के लिए मजबूर कर दिया था।

हाथरस हादसे के हवाले से अगर सोचें, तो प्रभावहीनता, नाकामियां कहां हैं? जिम्मेदार कौन हैं? दलित साहित्य चेतना और दलित राजनीति ने तथाकथित बाबाओं के आडंबरों से दलित समाज को दूर तो किया है, पर वह खालीपन न तो शिक्षा से भरा गया, न रचनात्मक सांस्कृतिक क्रियाकलाप उन तक पहुंच पाए। ज्ञान की सत्ता और विचारों की प्रगति के बारे में सोचा भी नहीं जाता है। ऐसे में, दलितों और महिलाओं की स्थिति सबसे खराब हो जाती है।

आज फर्जी बाबाओं के चक्कर लगाने वालों में दलितों और महिलाओं की बड़ी संख्या है। भगदड़ की स्थिति में यही लोग ज्यादा मारे जाते हैं। अंधविश्वास के चंगुल में आकर जो लोग मारे गए हैं, उनकी पृष्ठभूमि पर जरूर गौर करना चाहिए। ढोंगी बाबाओं के पास जाने वाले लोग अपनी तर्क-बुद्धि से काम क्यों नहीं लेते? अंधविश्वासों के सहारे तरक्की की सीढ़ियां क्यों चढ़ना चाहते हैं? महाराष्ट्र में एक समय हजारों महिलाएं ढोंगी बाबाओं के आभामंडल को झटक बाबा साहेब के दिखाए रास्ते पर बढ़ीं और उन्होंने अपने परिवारों को भी सुधारा। उन पर हमने भी इतिहास रचा है (आम्ही इतिहास गढ़वला) शीर्षक से मीनाक्षी मून और उर्मिला पवार के संपादन में एक खास पुस्तक प्रकाशित हुई थी, जो आज भी महिला जागृति का बहुमूल्य दस्तावेज है।

उत्तर भारत के एक बड़े इलाके में राजनीति ने दलितों और महिलाओं को बहुत ऊंचे सपने दिखाए हैं और खासकर दलित स्त्री-समाज को साहित्य, संगीत, कला विहीन रखकर उनके बौद्धिक विमर्श को रसातल में पहुंचा दिया है। संत कबीर, रैदास से लेकर आज तक अनेक शीर्ष दलित लेखक, संत उत्तर प्रदेश में पैदा हुए हैं, पर तब भी यहां किसी ढोंगी बाबा को लोग ईश्वर मानने लगते हैं। आंबेडकरवादी दलित लेखकों को लगता था कि उनकी कविताओं, कहानियों, लेखों ने असर डाला है, नेताओं को लगता था कि उनके भाषणों से चेतना जागृत हुई है, पर हाथरस हादसे के बाद सबको सोचने पर मजबूर होना चाहिए। बाबा साहेब का एक नारा था, 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो', इसे लोगों के बीच फिर बार-बार दोहराने की जरूरत है। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

## वर्ग पहेली 5437

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 | | 5 |
| 6 | | 7 | | | 8 | 9 | |
| 10 | | | | 11 | | | |
| | 12 | | 13 | | | | |
| 14 | | | 15 | | 16 | | 17 |
| 18 | 19 | | | | 20 | | |
| 21 | | | 22 | 23 | | | |
| | | | | 25 | | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1781 को इस देश के निवासियों द्वारा लॉस एंजिल्स की स्थापना की गई (2)
3. काजू का सबसे अधिक उत्पादन और उपभोग इस देश में होता है (3)
6. नफीरी, एक मंगलवाद्य जिसका नाम बिस्मिल्लाखां के साथ जुड़ा है (4)
8. प्रबल अभिलाषा, तीव्र उत्कंठा (3)
10. मस्तक, मत्था (3)
11. सुबकी ले लेकर रोना (4)
12. अस्वीकार करना, नकारना, सहमति देना (4)
15. प्रकार, ढंग, विधि (3)
18. घोर ध्वनि करना, गर्जन करना, गाजना (4)
20. नया (2)
21. विस्तार, काला, अनासन्न (2)
22. रहने का ढंग, गिरवी (3)
24. क्रोध या आवेश में आने का भाव, उत्तेजना, झल्लाहट (3)
25. ध्यानी, स्वेच्छाचारी (3)

**संकेत: ऊपर से नीचे**

1. विशिष्ट, अलौकिक, खास (3)
2. स्नान करवाना (4)
3. भ्राता, जो एक ही कुल में उत्पन्न हुआ हो (2)
4. ख्वाहिश, तमन्ना, इच्छा (3)
5. बकवास करना, प्रलाप करना (3)
7. ड्रामा, अभिनेता द्वारा मंच रेडियों, दूरदर्शन आदि पर अभिनय प्रदर्शन (3)
9. पक्षाघात (3)
11. स्वर्ण कर्म, जर निगारी (3)
13. कुल लाल सुर्खी लिए हुए (4)
14. सुप्रसिद्ध कवि कालिदास की प्रसिद्ध कृति (4)
16. कानून के मुताबिक, विधान के अनुसार (4)
17. श्रवण करना, अभिमुख होना, कान देना (3)
19. मुलायम, कोमल (3)
23. सर्वनाम उत्तम पुरुष का बहुवचन (2)

### वर्ग पहेली 5436 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्या | रे | ला | ल | | क | त | र |
| ज्ञ | ल | ज्ञ | | | पा | व | न |
| | मा | | त | मा | ल | | क |
| स्व | र्ग | त | रू | | मा | न | ना |
| र | | म | | ज्ञ | ली | ल | |
| गं | गा | सा | ग | र | | से | वा |
| गा | ज्ञ | | री | | आ | तु | र |
| | र | की | ब | | शा | | ना |

# मंडेला का झूठ

**(हरिप्रसाद राय)**

साल 1952 की बात है। जोहानिसबर्ग में भेदभाव वाले कानूनों को रद्द करने की मांग को लेकर अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस की बैठक हुई। इसमें 29 फरवरी तक मांगें नहीं मानी जाने पर हड़ताल करने का निर्णय करते हुए एक पत्र तैयार किया गया। पत्र सरकार को सौंपा जाना था, जिसमें अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. जेम्स मोरोको के हस्ताक्षर की जरूरत थी। वह जोहानिसबर्ग से 120 मील दूर रहते थे। नेल्सन मंडेला के पास ड्राइविंग लाइसेंस था, इसलिए हस्ताक्षर कराने की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई। रास्ते में उन्हें दो जगहों पर घृणा और अपमान का सामना करना पड़ा। किसी तरह वहां से निकले तो पेट्रोल खत्म हो गया। पैदल चले तो एक फार्म हाउस आया। वहां की मालकिन से पेट्रोल मांगा, उसने मना कर दिया और नफरत भरी नजरों से देखते हुए दरवाजा बंद कर लिया।

दो मील चलने के बाद दूसरा फार्म हाउस आया। इस बार अंग्रेजी में झूठ बोले, 'मैं ड्राइवर हूं। मेरे मालिक की गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया है। पेट्रोल की कीमत देने के लिए तैयार हूं। क्या पेट्रोल मिलेगा?' इस बार उन्हें पेट्रोल मिल गया। वहां उन्हें नफरत जैसी कोई बात नहीं दिखी। डॉ. मोरोको के हस्ताक्षर के बाद सरकार को



ज्ञापन सौंप दिया गया, लेकिन सरकार ने मांगें नहीं मानीं। हड़तालें हुईं, गिरफ्तारियां हुईं, सजा हुई।

लंबा वक्त गुजर गया, पर नेल्सन मंडेला को यह बात सताती रही कि वह झूठ नहीं बोलते तब भी उन्हें पेट्रोल मिल जाता। उस महिला में उन्हें घृणा नहीं, प्रेम नजर आया था। नेल्सन का जीवन प्रेम और घृणा से भरा रहा, लेकिन उन्होंने प्रेम का रास्ता चुना। उन्होंने मन, वचन और कर्म से गोरों से घृणा नहीं की क्योंकि उन्हें भी तो कुछ गोरों का प्रेम मिला था। वह कहते थे कि मनुष्य प्रेम और घृणा के साथ पैदा नहीं होता है। सब यहीं सिखाया जाता है, तो प्रेम ही क्यों न सीखेंऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने है।

# आज का राशिफल

### मेष

आज लाभ का दिन है और दिन आपके लिए महत्वाकांक्षा से भरपूर रहेगा। कोई भी बात संभलकर करें। दोपहर बाद उच्चाधिकारी से वाद विवाद होने से कानूनी पक्ष नया मोड़ ले सकता है। शाम के समय योजनापूर्ति से लाभ होगा। अतिथि आगमन से खर्च बढ़ना संभव है। आपका काम और व्यस्तता बढ़ सकती है।

### वृषभ

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका दिन सफलता से भरा होगा। ऑफिस में थोड़ा सा संभलकर काम करें, वरना किसी से विवाद और अनबन हो सकती है। अपने कार्य कौशल से आप शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। आप घर के लिए शॉपिंग करने जा सकते हैं।

### मिथुन

आज दिन सफलता से भरा होगा और आपको करियर में मनचाहा फल प्राप्?त होगा। राजनीतिक गतिविधियों में रुकावट हो सकती है। दोपहर के बाद कुछ नया कर सकते हैं और आपको लाभ होगा। आपको अच्छे कार्य करने से लाभ होगा।

### कर्क

आज करियर के मामले में दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। जीवनसाथी और व्यापार में पार्टनर्स आपका सहयोग करेंगे और उनसे आपको फायदा होगा। अच्?छे कार्य में आपकी रुचि रहेगी और किस्?मत साथ देगी। नौकरी पेशा वर्ग को उन्नति मिल सकती है।

### सिंह

आज दिन मिलाजुला रहेगा। आपको नौकरी में कोई अच्छा ऑफर मिल सकता है और किस्मत का साथ भी आपको मिलेगा। जो योजनाएं आपकी चल रही हैं उसमें थोड़ा सावधानी रखें। नौकरी में आपको पदोन्नति के अवसर मिलेंगे और उनसे जुड़ी योजनाएं पूर्ण होंगी।

### कन्या

आज भाग्य का साथ मिलेगा और कारोबार में आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होगी। समाज में आपकी मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी और भाग्य आपका साथ देगा। आपकी जिम्मेदारियां बढ़ने से आप थोड़ा असहज हो सकते हैं। घबराएं नहीं और अपने काम पर फोकस करें।

### तुला

आज लाभ का दिन है और आपके सुख में वृद्धि होने के योग हैं। आपको हर कार्य में जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य प्राप्त होगा। व्यवसायिक प्रयास फलीभूत होंगे और आपके मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शाम को किसी यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं। आपकी कोई मूल्यवान वस्तु चोरी होने से आप परेशान हो सकते हैं।

### वृश्चिक

आज दिन शुभ है और आपका दिन परोपकार करने में बीतेगा। दूसरों की सहायता करने से आपको आत्मसंतुष्टि प्राप्त होगी और आपका मन काफी प्रसन्न होगा। किसी सांसारिक सुख के मिलने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

ऑफिस में आपके

### धनु

आज हर मामले में बहुत सावधानी से काम करने की जरूरत है। आप अपने धैर्य और मृदु व्यवहार से वातावरण को हल्का करने में कामयाब होंगे और प्रिय लोगों से आपको मदद मिल सकती है। शाम के वक्त किसी दूसरे के कारण आपको कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### मकर

आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। किसी नई डील से आपको अचानक से धन लाभ होगा और आपको एक साथ बहुत सारा पैसा मिलने से आपका बैंक बैलेंस अचानक से बढ़ जाएगा। दोस्ती में किसी स्पेशल स्कीम के बारे में न सोचें।

### कुंभ

आज दिन भाग्यशाली रहेगा और आपकी किस्मत चमकेगी। किसी महान सफलता से हर्ष होगा। बड़ी मात्रा में रुपया हाथ में आने से संतोष होगा और आपको दिन के उत्तरार्द्ध में लाभ होगा। कहासुनी को बातचीत से सुलझा लें। रात का वक्त आनंद में बीतेगा।

### मीन

आज का दिन है और आपको संतुष्टि का अनुभव होगा। दिन आपके लिए हर्षदायक है। जो लोग कारोबार करते हैं उनके आनंद में वृद्धि होगी और दिन सफलता से भरा होगा। कुछ लोगों को करियर में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कोर्ट ने स्वामी प्रसाद मौर्य व उनकी बेटी संघमित्रा को घोषित किया फरार

**लखनऊ, एजेंसी।** एमपी एमएलए कोर्ट ने पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य और उनकी पूर्व सांसद बेटी संघमित्रा को फरार घोषित कर दिया है। यह आदेश एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम आलोक वर्मा ने जारी किया। इसके पहले दोनों के खिलाफ इस साल अप्रैल में गैर जमानतीय वारंट जारी किया गया था। मामले में हाईकोर्ट भी बाप-बेटी को राहत देने से इनकार कर चुका है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी कोर्ट में हाजिर होने से बच रहे हैं। इसलिए उनके खिलाफ धारा-82 की कार्यवाही की जाती है। अधिवक्ता ने बताया बिना तलाक लिए धोखाधड़ी कर दूसरी शादी करने की आरोपी संघमित्रा मौर्य और वादी के साथ मारपीट, गाली गलौज और जानमाल की धमकी व साजिश रचने के आरोपी स्वामी प्रसाद मौर्य, नीरज तिवारी, सूर्य प्रकाश शुक्ला व रितिक सिंह के कोर्ट में हाजिर न होने पर कोर्ट ने सभी आरोपियों को फरार घोषित किया है। बता दें कि आरोप है कि परिवादी दीपक कुमार और संघमित्रा वर्ष 2016 से लिव-इन रिलेशन में रह रहे थे। संघमित्रा और उनके पिता स्वामी प्रसाद मौर्य ने परिवादी को बताया कि संघमित्रा की पूर्व शादी से तलाक हो गया है। लिहाजा परिवादी ने तीन जनवरी 2019 को संघमित्रा से शादी कर लिया। संघमित्रा ने 2019 के चुनाव में शपथपत्र देकर खुद को अविवाहित बताया, जबकि बाद में वादी को पता चला कि संघमित्रा का मई 2021 में तलाक हुआ था। आगे कहा गया कि जब वादी ने वर्ष 2021 में रीति-रिवाज के साथ विवाह करने के लिए कहा, तो स्वामी प्रसाद मौर्य ने वादी के ऊपर कई बार जानलेवा हमला कराया।

### गोरखपुर के भाजपा विधायक ने जताई हत्या की आशंका, सीएम और केंद्रीय गृहमंत्री को लिखा पत्र

**गोरखपुर , एजेंसी।** गोरखपुर के कैम्पियरगंज से विधायक फतेह बहादुर सिंह ने अपनी जान को खतरा बताया है। इस संबंध में उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। उन्होंने पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराई है। विधायक ने आरोप लगाया है कि राजीव रंजन चौधरी नाम का एक व्यक्ति उनकी हत्या करने की साजिश रच रहा है। हालांकि, विधायक के आरोपों पर राजीव रंजन ने सामने आकर सफाई दी। राजीव रंजन चौधरी ने खुद को भाजपा कार्यकर्ता बताया और विधायक पर ही गंभीर आरोप लगा दिए। राजीव रंजन ने कहा, मैं भाजपा का कार्यकर्ता हूं और मेरी मां जिला पंचायत की सदस्य हैं। मुझे और मेरे परिवार को विधायक फतेह बहादुर फर्जी मुकदमे दर्ज कराकर जेल भिजवाना चाहते हैं। उन्होंने पहले भी लोगों के साथ ऐसा काम किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक उनकी हत्या कराने चाहते हैं और वह खुद सपा के साथ मिले हुए हैं। चौधरी ने सीएम योगी से सुरक्षा की भी गुहार लगाई। जिला पंचायत सदस्य और राजीव रंजन की मां सरोज देवी ने कहा, विधायक की ओर से लगातार उनके परिवार को धमकी दी जा रही है। मेरी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुजारिश है कि मेरे परिवार की सुरक्षा करें, क्योंकि विधायक की तरफ से धमकियां मिल रही हैं। वहीं, विधायक के आरोपों के बारे में एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधायक का आरोप है कि उनकी हत्या की साजिश रची जा रही है, जिसके बाद से ही पुलिस की ओर से मामले में तेजी से जांच चल रही है। विधायक ने जिस शख्स पर आरोप लगाया है, उसकी मां भाजपा की जिला पंचायत सदस्य हैं। शिकायत के बाद कुछ लोगों के बयान भी दर्ज किए गए हैं। एसएसपी की मानें तो विधायक को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है, जिसके तहत वर्तमान समय में कुल 11 सुरक्षाकर्मी उनकी सुरक्षा में तैनात रहते हैं।

### गुरदासपुर-नहाने गए सरपंच को डूबता देख दो दोस्तों ने लगाई छलांग, तीनों डूबे, एक का शव बरामद

**गुरदासपुर, एजेंसी।** पंजाब के बटाला स्थित गांव अलीवाल की अप्परबारी दुआब नहर में सरपंच समेत तीन युवक डूब गए। इनमें से एक का शव बरामद कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि गांव भरथवाल के सरपंच रणबीर सिंह शुक्रवार को नहर में नहाने के लिए गए थे। पानी का बहाव तेज होने के चलते वह डूबने लगे, सरपंच को बचाने के लिए उनके दो साथियों मक्खन उर्फ मखु और करतार सिंह ने नहर में छलांग लगा दी लेकिन पानी के साथ वो भी बह गए। जब आसपास के लोगों ने तीनों को डूबते हुए देखा तो जिला प्रशासन को सूचित किया। प्रशासन ने जल्द से जल्द पानी के बहाव को रोका और गोताखोर की मदद से सरपंच समेत तीनों की तलाश शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह एक व्यक्ति मक्खन सिंह के शव को बरामद कर लिया गया है और बाकियों की तलाश जारी है। वहीं मृतक के परिजनों ने कहा कि यह तीनों घर से नहाने के लिए गए थे, लेकिन पानी का बहाव तेज होने के चलते तीनों पानी में डूब गए।

### यूपी के शहरों का थीम आधारित होगा विकास, तय ऊंचाई तक ही भवन बनाए जा सकेंगे

**लखनऊ, एजेंसी।** योगी सरकार धार्मिक शहरों के साथ ही ऐतिहासिक महत्व वाले शहरों का विकास थीम आधारित कराने जा रही है। इन शहरों में स्थित ऐतिहासिक महत्व वाले भवनों के आसपास मनमाने तरीके से निर्माण पर भी रोक होगी। तय ऊंचाई तक ही भवन बनाए जा सकेंगे। इसका मकसद ऐतिहासिक पुराने भवनों को गिरने से बचाना है। इसके साथ ही आसपास के क्षेत्रों में खाली पड़ी जमीनों पर पार्क के साथ ही मल्टीलेवल पार्किंग की सुविधा भी दी जाएगी। आवास विभाग इसके लिए नीति निर्धारित करने जा रहा है। आवास विभाग पहले चरण में शहरों में ऐतिहासिक भवनों को चिह्नित कराएगा।

# महाराष्ट्र से जम्मू-कश्मीर तक 4 राज्यों में चुनावी रणनीति को लेकर उलझी भाजपा, आरएसएस से मदद की दरकार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के झटके के बाद भाजपा की आगामी चार विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति को लेकर उलझनें बढ़ गई है। पार्टी आक्रामक और संतुलित चुनाव अभियान को लेकर पसोपेश में है। एक वर्ग का मानना है कि इस समय विपक्षी के दबाव में आने के बजाय पार्टी को पूर्व की तरह अपना आक्रामक अभियान ही जारी रखना चाहिए। हालांकि, इस रणनीति से नुकसान होने की भी आशंका है, क्योंकि विपक्षी इंडिया गठबंधन के दलों में विरोधाभास के बावजूद भाजपा विरोधी सुर एक जैसे हैं।

भाजपा ने आगामी चार राज्यों हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रभारी काफी पहले तैनात कर दिए थे। इन नेताओं ने राज्यों में जाकर शुरुआती दौर की बैठक भी की है। सूत्रों के अनुसार, चुनाव प्रभारियों की शुरुआती रिपोर्ट बहुत अच्छी नहीं है। सभी राज्यों में संगठन को लेकर दिक्कतें बढ़ी हुई है। ऐसे में विपक्षी चुनौती का सामना करना काफी मुश्किलों भरा होगा। यही वजह है कि पार्टी नेतृत्व इस समय संगठनात्मक समस्याओं को सुलझाने में जुटा हुआ है ताकि चुनाव अभियान को गति दी जा सके।

पार्टी के सामने एक बड़ा मुद्दा चुनाव अभियान को लेकर भी है। लोकसभा चुनाव में और उसके पहले के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने विपक्ष के खिलाफ बेहद हमलावर तरीके से आक्रामक अभियान चलाया था। इसका उसे फायदा भी हुआ था, लेकिन लोकसभा में कई राज्यों में उसे इसका नुकसान भी उठाना पड़ा है। खासकर जहां संगठन में नाराजगी थी। झारखंड और महाराष्ट्र में भी संगठन में कुछ समस्याएं रही हैं।

**हरियाणा- छूरबदलने के बाद भी बेहतर नहीं स्थिति :** हरियाणा में भी मुख्यमंत्री बदलने के बावजूद सामाजिक समीकरण सुधार नहीं पा रहे हैं, उल्टे बिगड़ने की आशंका है। सूत्रों के अनुसार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली मजबूती से भी भाजपा के सामाजिक समीकरण के प्रभावित होने की आशंका है। खासकर, ब्राह्मण और दलित समुदाय को लेकर पार्टी सशंकित है। ये कांग्रेस का साथ दे सकते हैं।

**महाराष्ट्र -गठबंधन के साथ चलना चुनौती :** महाराष्ट्र में तो भाजपा का अपना गठबंधन, विपक्षी गठबंधन के सामने लोकसभा चुनाव में भी काफी कमजोर पड़ा था। अब विधानसभा चुनाव में भी यही समस्या सामने आ रही है। ऐसे में पार्टी के लिए अपने गठबंधन के मुख्यमंत्री के चेहरे को जनता के सामने पेश करने में भी दिक्कत आ रही है, क्योंकि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में जाने पर एनडीए को बहुत बड़ी सफलता मिलने की संभावना नहीं है। भाजपा के भीतर भी उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को आगे रखने की मांग बढ़ रही है। अजित पवार पर तो फिलहाल भरोसा ही नहीं किया जा सकता है।

**जम्मू-कश्मीर - जम्मू से उम्मीद, घाटी में भाजपा की दिक्कत बरकरार :** जम्मू-कश्मीर में घाटी में भाजपा की समस्याएं बरकरार हैं। अभी यह तय नहीं है कि पार्टी घाटी की सीटों पर किस तरह चुनाव लड़ेगी। अपने उम्मीदवार उतारेगी या कुछ निर्दलीयों को समर्थन देगी। जम्मू क्षेत्र के लिए पार्टी की तैयारी तेज हो चुकी और वहां पर पार्टी को बड़ी सफलता मिलने की भी उम्मीद है।

**झारखंड - झगड़े सुलझ बेहतर प्रदर्शन की आशा :** झारखंड में भाजपा के बड़े नेताओं के झगड़े अभी भी उलझे हुए हैं। सूत्रों के अनुसार, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और अर्जुन मुंडा के बीच तनाव की खबरें केंद्रीय नेतृत्व को परेशान करती रहती हैं। हालांकि, पार्टी के दो बड़े नेता चुनाव प्रभारी के रूप में इस प्रदेश में तैनात हैं। इनमें शिवराज सिंह चौहान भी हैं, जिनको संगठन, सरकार और चुनाव तीनों ही क्षेत्र में महारत हासिल है। पार्टी को उम्मीद है कि झारखंड में वह जल्द बेहतर हालत में चुनावी तैयारी शुरू कर देगी।

**आरएसएस से मदद की दरकार :** इन सब के साथ भाजपा को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की मदद की भी जरूरत है, क्योंकि हाल के दिनों में संघ के नेताओं ने परोक्ष रूप से भाजपा नेतृत्व को आड़े हाथ भी लिया है। सूत्रों के अनुसार, जल्द भाजपा और संघ नेतृत्व के बीच समन्वय बैठक भी बुलाई जा सकती है, ताकि जिन मुद्दों को लेकर अंदरूनी तौर पर मतभेद है, उनको समाप्त कर संघ का पूरा सहयोग हासिल किया जा सके। संघ के सहयोग से उसका संगठन भी मजबूत होगा और कार्यकर्ताओं में भी ऊर्जा आएगी।

## धोती पहने किसान को एंट्री न देना पड़ा भारी, अब 7 दिन के लिए मॉल पर लगाया ताला



**बेंगलुरु, एजेंसी।** हाल ही में बेंगलुरु के प्रसिद्ध जीटी मॉल से एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें धोती पहने एक किसान को मॉल के अंदर प्रवेश नहीं दिया गया। इस घटना के बाद जमकर हंगामा हुआ। किसान संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया और मॉल प्रबंधक के खिलाफ ऐक्शन की मांग की थी। अब कर्नाटक की सिद्दारमैया सरकार ने ऐक्शन लिया है। सरकार ने जीटी मॉल को सात दिन बंद रखने का आदेश दिया।

दरअसल, सोशल मीडिया पर बेंगलुरु से एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक बुजुर्ग किसान को उसके पहनावे के कारण मॉल में घुसने मना कर दिया गया था। किसान अपने बेटे के साथ मॉल में फिल्म देखने पहुंचा था। इस घटना से आहत होकर किसान और उसके बेटे ने एक वीडियो में मॉल के सुरक्षाकर्मियों और प्रबंधक पर गंभीर आरोप लगाए थे। वीडियो में किसान और उसका बेटा बता रहे थे कि कैसे कपड़ों की वजह से उन्हें मॉल में एंट्री नहीं मिली।

इस मुद्दे को कर्नाटक विधानसभा सत्र में उठाया गया और कर्नाटक के शहरी विकास मंत्री बिरथी सुरेश ने प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई का वादा किया। विधानसभा में बोलते हुए सुरेश ने कहा, कानून के अनुसार, सरकार मॉल को सात दिनों के लिए बंद कर रही है। मैंने बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) के अधिकारियों से बात की है, और घटना के खिलाफ कार्रवाई के तौर पर मॉल को सात दिनों के लिए बंद कर दिया जाएगा।

## 36.50 करोड़ पौधा रोप उत्तर प्रदेश बनाएगा नया रिकॉर्ड, सीएम योगी की अपील- आइए पुत्र होने का कर्तव्य निभाएं

**लखनऊ , एजेंसी।** हरे भरे उत्तर प्रदेश के संकल्प के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुकरैल नदी के तट पर पौधा रोपण करेंगे। पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ अभियान के तहत सीएम पीपल, तिलखान और बरगद प्रजाति के पौधे लगाएंगे। यहां करीब 10 हजार पौधे लगाए जाएंगे। बता दें, प्रदेश में आज 36.50 करोड़ पौधे रोपने का रिकॉर्ड बनेगा। पौधरोपण जन अभियान-2024 के तहत इस बार एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया गया है। प्रदेश सरकार की आधिकारिक साइट पर हर पल रोपे जा रहे पौधों की संख्या को अपडेट भी किया जा रहा है।सीएम योगी ने इसे लेकर एक ट्वीट भी किया। जिसमें उन्होंने लिखा - भारतीय मनीषा ने हमें माता भूमि- पुत्रोऽहं पृथिव्या- का संदेश दिया है। हमारी परंपरा पेड़-पौधों को केवल जीव सृष्टि का हिस्सा नहीं मानती, बल्कि उनमें साक्षात ईश्वर का दर्शन करती है। इसी सनातन भाव के साथ आज उत्तर प्रदेश 36.50 करोड़ वृक्षारोपण का संकल्प साकार करने जा रहा है। उन्होंने इसे पीएम के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित बताया। आगे लिखा, आदरणीय प्रधानमंत्री जी के आह्वान एक पेड़ मां के नाम से जुड़कर वृक्षारोपण महाभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। आइए, पुत्र होने का कर्तव्य निभाएं, पेड़ लगाएं- पर्यावरण बचाएं।

# अरुणाचल के करीब विशाल बांध बना रहा चीन, भाजपा विधायक बोले- कोई भरोसा नहीं, अब ऐक्शन हो





**ईटानगर, एजेंसी।** अरुणाचल प्रदेश की सीमा के करीब चीन की ओर से एक विशाल बांध बनाया जा रहा है। भाजपा विधायक निनोंग ईरिंग ने इसे लेकर शुक्रवार को चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इससे बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने का खतरा है। उन्होंने केंद्र से इस मुद्दे को चीन के साथ उठाने की अपील की। मालूम हो कि चीन अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक मेडोग में यरलुंग त्सांगपो नदी पर 60 हजार मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता का विशाल बांध का निर्माण कर रहा है। त्सांगपो नदी को अरुणाचल प्रदेश में सियांग और असम में ब्रह्मपुत्र के नाम से जाना जाता है। इस नदी की मुख्य धारा बंगाल की खाड़ी में मिलने से पहले बांग्लादेश में प्रवेश करती है तो इसे जमुना के नाम से जाना जाता है।

विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर पेश धन्यवाद प्रस्ताव पर सदन को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ईरिंग ने कहा, हम अपने पड़ोसी पर भरोसा नहीं कर सकते हैं। हम नहीं जानते कि वह कब क्या करेगा। वे पूरी नदी की धारा मोड़कर सियांग को सूखा सकते हैं या पानी छोड़कर नदी की निचली धारा में अभूतपूर्व बाढ़ का कारण बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि बांध के निर्माण से न केवल भारत बल्कि बांग्लादेश भी प्रभावित होगा।

**देश की सुरक्षा से समझौता नहीं :** अल्पसंख्यक मामलों के पूर्व राज्यमंत्री ने कहा, लोगों की संरक्षा और देश की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता है। हमारा ध्येय राष्ट्र प्रथम होना चाहिए और हमें भारत की सुरक्षा के बारे में सोचने की जरूरत है। हालांकि, पासीघाट पश्चिम से विधायक ईरिंग ने इलाके में बाढ़ रोकने के लिए कम जल संचय क्षमता वाले बांध के निर्माण का समर्थन किया। साथ ही सूचित किया कि भारत और चीन के बीच अबतक कोई जल समझौता नहीं हुआ है। बांध विरोधियों के प्रदर्शन का हवाला देते हुए विधायक ने सुझाव दिया कि बांध निर्माण से पहले परामर्श किया जाना चाहिए ताकि लोगों के हितों पर गौर किया जा सके। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में जलविद्युत एकमात्र संसाधन है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने पिछले साल सितंबर में सूचित किया था कि केंद्र ने सियांग नदी पर बड़ा बैराज बनाने का प्रस्ताव किया है, ताकि यरलुंग त्सांगपो नदी पर बड़े बांध से उत्पन्न संभावित खतरे को देखते हुए इलाके को सुरक्षित किया जा सके। खांडू ने कहा था, 'अगर अत्यधिक पानी छोड़ा जाता है, तो हमें बाढ़ से खुद को बचाने के लिए बड़े ढांचे बनाने होंगे। केंद्र ने भी चीन की परियोजना पूरी होने के बाद सियांग नदी की स्थिति के बारे में चिंता व्यक्त की है। हमें सियांग को जीवित रखना है। अगर चीन की ओर से नदी की धारा मोड़ी जाती है तो बड़े पैमाने पर भूमि का कटाव होगा।

## महायुति में 100 प्लस तो एमवीए में 125 से 150 पर रार




**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं, वैसे-वैसे राज्य के दोनों गठबंधनों (सत्ताधारी महायुति और विपक्षी महा विकास अघाड़ी) के अंदर की गांठें खुलने लगी हैं। इससे संकेत मिल रहे हैं कि दोनों ही तरफ सीटों का बंटवारा आसान नहीं होने वाला है। दोनों धड़ों के सभी सहयोगी दल 100 से ज्यादा सीटों की मांग कर रहे हैं और अपने दावों पर अड़ते दिख रहे हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सरकारी आवास पर गुरुवार को हुई बैठक में इस बात की चर्चा जोर-शोर से उठी कि पार्टी को आगामी चुनावों में 100 से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहिए।

इस बैठक में मुख्यमंत्री के अलावा पार्टी के मंत्री, विधायक और सांसद मौजूद थे। पार्टी ने इस काम के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री शिंदे ने पार्टी नेताओं को निर्देश दिया है कि वे 100 विधानसभा सीटों पर चुनाव की तैयारियां शुरू करें। पार्टी के मामले से परिचित सूत्र ने बताया कि सीटों की पहचान करने के बाद सभी सीटों पर पार्टी प्रभारियों और पर्यवेक्षकों की नियुक्ति करेगी।

बता दें कि एक महीने पहले भी पार्टी के स्थापना दिवस समारोह में पूर्व मंत्री रामदास कदम ने सीएम शिंदे की मौजूदगी में 100 सीटों की मांग की थी। पार्टी के इस कदम से महायुति में खींचतान बढ़ने की आशंका बढ़ गई है क्योंकि अजित पवार की अगुआई वाली एनसीपी भी आगामी चुनावों में 85 से 100 सीटों पर चुनाव लड़ने की इच्छुक है। शिंदे सरकार में ही वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री और एनसीपी नेता धर्मरावबाबा आत्राम ने कहा कि अजित पवार के नेतृत्व में उनकी पार्टी 100 सीटों पर चुनाव लड़ने की इच्छुक है और इस पर काम शुरू हो चुका है।

एनसीपी कोटे से एक और वरिष्ठ मंत्री छगन भुजबल ने भी कुछ दिनों पहले इसी तरह की मांग उठाई थी, तब सहयोगी दलों की तरफ से नाराजगी जताई गई थी। 288 सदस्यों वाली विधानसभा में महायुति के दो घटक दलों द्वारा 100-100 सीटों के दावे से भाजपा असहज है। सूत्रों का कहना है कि शिंदे और पवार के बीच मची होड़ स्थिति को और गंभीर बना सकती है क्योंकि भाजपा पहले से ही अधिकतम सीटों पर चुनाव लड़ने की रणनीति पर चलती रही है। वह हर हाल में लगभग आधी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारना चाहेगी। 2019 में बीजेपी ने शिवसेना के साथ गठबंधन में कुल 152 सीटों पर चुनाव लड़ा था, जबकि शिवसेना 124 सीटों पर चुनाव लड़ी थी।

विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी में भी सीटों को लेकर इसी तरह की होड़ मची हुई है। उद्धव जहां 125 सीटों पर दावा कर रहे हैं, वहीं, कांग्रेस 150 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की बात कर रही है।

## अडानी ग्रुप को 280 करोड़ का झटका, हाई कोर्ट ने आदेश पलटा, सुक्खू सरकार को बड़ी राहत

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट की एक खंडपीठ ने गुरुवार को अडानी पावर लिमिटेड को 280 करोड़ रुपये की प्रीमियम राशि वापस करने के एकल पीठ के फैसले को पलट दिया। इस फैसले से हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार को बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट के जस्टिस विवेक सिंह ठाकुर और जस्टिस बिपिन चंद्र नेगी की खंडपीठ ने 2022 में एकल पीठ के फैसले के खिलाफ हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली राज्य सरकार को राहत देते हुए हिमाचल हाई कोर्ट की एक खंडपीठ ने एकल पीठ के फैसले को पलट दिया। 2022 में एकल पीठ ने किन्नौर जिले में 969 मेगावाट की जंगी थोपन पावर पनबिजली परियोजना से जुड़े अदानी पावर लिमिटेड को 280 करोड़ रुपये की प्रीमियम राशि वापस करने का आदेश दिया था। खंडपीठ ने कहा कि अडानी समूह इसका हकदार नहीं है। हिमाचल प्रदेश के महाधिवक्ता अनूप कुमार रतन ने कहा कि हाई कोर्ट की एक खंडपीठ ने गुरुवार को एकल पीठ के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें राज्य सरकार को अडानी पावर लिमिटेड को 280 करोड़ रुपये का प्रीमियम भुगतान करने को कहा गया था। हमने एकल पीठ के आदेश को खंडपीठ के समक्ष चुनौती दी, जिसने राज्य सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया। महाधिवक्ता ने बताया कि खंडपीठ ने अपने फैसले में यह भी टिप्पणी की कि परियोजना को खरीदने के लिए राज्य सरकार के समक्ष गलत तथ्य पेश किए गए। फैसले में कहा गया है कि अडानी समूह ने पिछले दरवाजे से परियोजना में निवेश किया, जो परियोजना की समझौते की शर्तों के खिलाफ था। इसलिए अडानी ग्रुप को प्रीमियम राशि वापस नहीं की जाएगी। सरकार ने ब्रेकल कंपनी के साथ प्रोजेक्ट एग्रीमेंट (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन कंपनी ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए फर्जी तरीके से प्रोजेक्ट हासिल कर लिया, जो एग्रीमेंट के खिलाफ पाया गया। इसके बाद सरकार की सहमति के बिना ब्रेकल कंपनी ने अडानी ग्रुप को प्रोजेक्ट का सदस्य बना लिया। इस प्रकार ब्रेकेल कंपनी भी प्रीमियम राशि की हकदार नहीं है।

अडानी पावर लिमिटेड ने भारतीय अनुबंध अधिनियम की धारा 65 और 70 के तहत राज्य सरकार से मुआवजे की मांग की थी। कोर्ट ने पाया कि अडानी और राज्य के बीच कोई कानूनी संबंध नहीं था, जो धारा 70 के तहत ऐसे दावों के लिए आवश्यक है। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि अडानी के ब्रेकेल को भुगतान से संबंधित लेन-देन राज्य से मुआवजे के हकदार होने का आधार स्थापित नहीं करता है। कोर्ट ने माना कि ब्रेकेल और अडानी ग्रुप ने समान रूप से गलती की, जिसने धारा 65 के तहत क्षतिपूर्ति के किसी भी दावे को अमान्य कर दिया।

# राजस्थान में स्वास्थ्य विभाग में 50 हजार पदों पर भर्तियां होंगी



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में स्वास्थ्य विभाग में बंपर भर्तियां होंगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि राज्य सरकार जनस्वास्थ्य के प्रति गंभीर है और इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। चिकित्सा संस्थानों में मानव संसाधन की कमी पूरी करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 50 हजार से अधिक पदों पर भर्तियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि परिवर्तित बजट में कुल बजट का 8.26 प्रतिशत अर्थात् 27 हजार 660 करोड़ रूपये का प्रावधान केवल स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए किया गया है, जबकि राष्ट्रीय औसत 6.18 प्रतिशत है। स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए यह अब तक का सर्वाधिक बजट प्रावधान है। श्री खींवसर ने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार ने अपने अंतिम बजट में महज 23 हजार 972 करोड़ रुपये का प्रावधान स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए किया था।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री शुक्रवार को विधानसभा में मांग संख्या -27 (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग) एवं मांग संख्या -28 (चिकित्सा शिक्षा विभाग) की अनुदान मांगों पर हुई बहस का जवाब दे रहे थे। चर्चा के बाद सदन ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की 1 खरब 18 अरब 18 करोड़ 31 लाख 78 हजार रूपये एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की 54 अरब 55 करोड़ 03 लाख 08 हजार रूपये की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दीं। खींवसर ने कहा कि चिकित्सा विभाग ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट, हॉस्पिटल केयरटेकर, नर्सिंग ऑफिसर, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, लैब टेक्नीशियन, सहायक रेडियोग्राफर, नेत्र सहायक, ईसीजी टेक्नीशियन, डेन्टल टेक्नीशियन एवं फार्मासिस्ट के पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। विगत 7 माह में कुल 3182 पैरामेडिकल एवं मंत्रालय कार्मिकों को नियुक्ति दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि कई वर्षों से लम्बित फार्मासिस्ट भर्ती के कार्य को आगे बढ़ाते हुए 2543 अभ्यर्थियों की अंतरिम वरीयता सूची जारी कर दी गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविदा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, संविदा नर्स एवं कम्यूनिटी हैल्थ ऑफिसर के रिक्त कुल 10 हजार 657 पदों के परिणाम घोषित किये जा चुके हैं। इन्हें शीघ्र ही नियुक्ति दी जाएगी। राजमेस के अधीन संचालित मेडिकल कॉलेजों में चिकित्सक शिक्षकों के 1460 पदों पर भर्ती की जाएगी। साथ ही, इस वर्ष बजट में 1500 चिकित्साधिकारियों तथा 4 हजार नर्सिंगकर्मियों के नये पद सृजित कर भर्ती की घोषणा की गई है। साथ ही, अन्य पदों पर भर्तियां करते हुए अस्पतालों में मानव संसाधन की कमी दूर की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

**आपमें दम है तो...**

## सानिया मिर्जा के साथ शादी की अफवाहों पर मोहम्मद शमी ने किया रिएक्ट



**नईदिल्ली, एजेंसीा।** भारत के स्टार क्रिकेटर मोहम्मद शमी और टेनिस स्टार सानिया मिर्जा शादी कर रहे हैं। बीते दिनों अफवाहों का बाजार इस खबर से गर्म था। दोनों के नकली फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। बात यहां तक पहुंच गई कि सानिया के पिता को इस खबर का खंडन करना पड़ा। अब इस पर मोहम्मद शमी ने रिएक्ट किया है।

मोहम्मद शमी ने यूट्यूबर शुभांकर मिश्रा के साथ बातचीत में सानिया मिर्जा के साथ शादी की अफवाहों पर कहा कि लोगों को सोच समझकर मीम्स बनाने चाहिए। किसी के लिए वह मजाक होता है और किसी की वह जिंदगी से जुड़ा होता है। तेज गेंदबाज ने ऐसी अफवाह फैलाने वालों को चुनौती दे दी कि हिम्मत है तो वे वैरिफाइड पेज से ऐसा कुछ करके दिखाएं।

### मोहम्मद शमी को कैसे पता चला

सानिया मिर्जा और मोहम्मद शमी शादी करने वाले हैं इस खबर के बारे में भारतीय तेज गेंदबाज को कैसे पता चला? इस सवाल का जवाब देते हुए शमी ने कहा, कुछ नहीं फोन खोलो तो उसमें अपना ही फोटो दिखता है क्या करेंगे उसमें। मैं एक ही चीज बोलना चाहूंगा किसी को नहीं खींचना चाहिए ऐसा। मीम्स मैं मानता हूं आपके मजाक के लिए मीम्स होंगे वो, लेकिन किसी की जिंदगी से जुड़े होते हैं। आपको बड़ी सोच समझकर वो मीम्स बनाने चाहिए।

### दम है तो वैरिफाइड पेज से बोलकर दिखाओ

शमी ने कहा, आज आप वैरिफाइड पेज नहीं हो, आपका पता नहीं, आपकी जानकारी नहीं है तो आप कुछ बोल सकते हो। मैं एक ही चीज बोलना चाहूंगा इस प्लेटफॉर्म पर कि अगर आपमें दम है तो वैरिफाइड पेज से बोलकर दिखाओ। फिर हम बताते हैं कि आप कितने पानी में खड़े हो।

## अध्यक्ष झाझड़िया ने जताई पैरालंपिक में भारतीयों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र झाझड़िया ने शुक्रवार को भारतीय खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि इस बार पदक संख्या 25 पार जा सकती है। भारतीय पैरालम्पिक दल ने टोक्यो में इतिहास रचते हुए पांच स्वर्ण पदक समेत 19 पदक जीते थे। झाझड़िया ने कहा, मुझे लगता है कि पेरिस में हमारा प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ होगा। हमारा स्लोगन है अबकी बार 25 पार। मैं खिलाड़ियों के संपर्क में हूं और तैयारियां बहुत अच्छी चल रही है। तीन बार के पैरालंपिक पदक विजेता झाझडिया ने 2004 एथेंस ओलंपिक और 2016 रियो ओलंपिक में एफ 46 भालाफेंक में स्वर्ण पदक जीता था जबकि टोक्यो में उन्होंने रजत पदक जीता। उन्होंने आगे कहा, खिलाड़ी शारीरिक ही नहीं मानसिक रूप से भी सुपर फिट हैं। उन्हें टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स ) से पूरी सुविधाएं मिल रही है।

# पिछले कुछ सप्ताह किसी सपने से कम नहीं थे : सूर्यकुमार यादव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किए जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कहा कि पिछले कुछ सप्ताह 'किसी सपने से कम नहीं रहे। सूर्यकुमार ने उन पर भरोसा बनाए रखने और हाल के दिनों में व्यापक समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। इस 33 वर्षीय बल्लेबाज को रोहित शर्मा की जगह भारत की टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। उन्हें हार्दिक पांड्या पर प्राथमिकता दी गई। सूर्यकुमार ने इंस्टाग्राम पर लिखा- आपसे मिले प्यार, समर्थन और शुभकामनाओं के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। पिछले कुछ सप्ताह किसी सपने से कम नहीं रहे और मैं वास्तव में इसके लिए आभारी हूं। उन्होंने कहा कि देश के लिए खेलना सबसे खास अहसास है जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर पाऊंगा। यह नई भूमिका अपने साथ ढेर सारी जिम्मेदारी, उत्साह और जोश लेकर आई है। मुझे उम्मीद है कि आगे भी आपका समर्थन और आशीर्वाद मिलता रहेगा। सारी प्रसिद्धि ईश्वर तक पहुंचती है, ईश्वर महान हैं। सूर्यकुमार टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा भी थे।

## बदले-बदले चेहरे, टी20 वर्ल्ड कप की विनिंग टीम गौतम गंभीर के हाथों में आते ही इतनी बदल गई



**नईदिल्ली, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप चैम्पियन बनने के बाद भारतीय टीम में में बड़ा बदलाव देखने को मिला है. यह बदलाव टी20 टीम में देखने को मिला है. रोहित, कोहली और जडेजा के संन्यास लेने के बाद और जिम्बाब्वे दौरे पर टी20 सीरीज खेलने वाली टीम में कई बदलाव आए हैं.

झभारतीय क्रिकेट टीम का श्रीलंका दौरे के लिए ऐलान हो चुका है. टी20 दौरे के लिए कप्तान सूर्यकुमार होंगे, वहीं उनके डिप्टी शुभमन गिल होंगे. दूसरी ओर वनडे टीम की कमान रोहित शर्मा के हाथों में होगी और यहां भी उनके डिप्टी शुभमन गिल होंगे. लेकिन यहां हम आपको बताने जा रहे हैं कि टी20 वर्ल्ड कप चैम्पियन बनने वाली टीम इंडिया और श्रीलंका दौरे पर गौतग गंभीर की कोचिंग में जाने वाली टीम में बदल गई है. श्रीलंका दौरे के लिए टी20 वर्ल्ड कप की विनिंग टीम से हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज श्रीलंका के दौरे में शामिल हुए हैं. सूर्यकुमार यादव अब टी20 के कप्तान हैं, जबकि शुभमन गिल टी20 और वनडे में उपकप्तान हैं.

वर्ल्ड कप की विनिंग टीम में शामिल रोहित शर्मा, विराट कोहली, रवींद्र जडेजा टी20 से रिटायरमेंट ले चुके हैं. वर्ल्ड कप विनिंग टीम के स्क्वॉड में शामिल स्पिनर्स कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को टी20 से बाहर रखा गया है. वहीं, चैम्पियन खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह रेस्ट कर रहे हैं.

टी20 वर्ल्ड कप में टीम के उपकप्तान रहे हार्दिक की जगह अब शुभमन गिल उपकप्तान हैं. जबकि शुभमन वर्ल्ड कप में रिजर्व खिलाड़ी थे. गिल के अलावा खलील अहमद, रिंकू सिंह, आवेश खान रिजर्व खिलाड़ी थे.

## एशिया कप में टीम इंडिया का जीत से आगाज... पाकिस्तान को बुरी तरह रौंदा, स्मृति-शेफाली की धांसू बैटिंग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने विमेंस एशिया कप में जीत के साथ शुरुआत की है। टीम इंडिया ने पहले ही मुकाबले में अपने सबसे बड़े राइवल पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया। टीम ने 109 रन का टारगेट 14.1 ओवर में चेज कर लिया। उपकप्तान स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने 85 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप करके रन चेज आसान बनाया। भारतीय गेंदबाजों ने दीप्ति शर्मा की अगुवाई में पाकिस्तान को 19.2 ओवर में 108 रन पर ऑलआउट कर दिया। दांबुला में मिली इस जीत के साथ ही भारतीय लड़कियों ने 2022 में मिली पिछली हार का बदला भी ले लिया है। तब टीम इंडिया 13 रन से हरा गई थी।


शेफाली 39 रन
स्मृति 45 रन

**टेस्ट डेब्यू पर बोले अर्शदीप सिंह**

# अगर मौका मिला तो अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगा

**चंडीगढ़, एजेंसी।** मेन इन ब्लू की टी20 विश्व कप जीत में अहम भूमिका निभाने वाले भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने शुक्रवार को टेस्ट क्रिकेट में मौका मिलने के बारे में खुलासा करते हुए कहा कि अगर उन्हें मौका मिला तो यह इस प्रारूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देंगे। अर्शदीप चंडीगढ़ विश्वविद्यालय पहुंचे थे जहां बारबाडोस में टी20 विश्व कप में भारत की ऐतिहासिक जीत के बाद उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया था।

अर्शदीप भारत के लिए टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। उन्होंने 8 मैचों में 12.64 के औसत और 7.16 की इकॉनमी रेट से 17 विकेट लिए, जिसमें 4/9 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े थे। इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज़ के दौरान टेस्ट में भारत के लिए डेब्यू करने की संभावनाओं पर मीडिया से बात करते हुए अर्शदीप ने कहा कि एक खिलाड़ी के रूप में,



आप अपना 100 प्रतिशत देना चाहते हैं, चाहे कोई भी प्रारूप हो। मैं भी सोच रहा हूं कि अगर मौका मिला तो मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा। 2022 में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से अर्शदीप ने 52 टी20ई और 6 वनडे मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। टी20 में उन्होंने 19.10 की औसत से 79 विकेट लिए हैं। 50 ओवर के प्रारूप में अर्शदीप ने 18.40 की औसत से 10 विकेट लिए हैं, जिसमें 5/37 का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। बहरहाल, एक खिलाड़ी के रूप में प्रेरणा लेने पर अर्शदीप ने कहा कि वह हर जगह प्रेरणा तलाशते हैं, खासकर उन लोगों में जो जीवन में अच्छा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी के रूप में, मैं हर किसी में प्रेरणा चाहता हूं, चाहे वह दिहाड़ी मजदूर हो, अपनी कक्षाओं में टॉप करने वाला छात्र हो या प्रोफेसर हो। मैं अपने जीवन में अच्छा प्रदर्शन करने वालों से प्रेरणा लेने की कोशिश करता हूं।

अर्शदीप ने देश के युवाओं को संदेश देते हुए उनसे कड़ी मेहनत करने का आग्रह करते हुए कहा कि उन्हें अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। उन्होंने निष्कर्ष निकाला- युवाओं के लिए संदेश यह है कि वे अपना सर्वश्रेष्ठ देना जारी रखें, जो वे कर सकते हैं उस पर नियंत्रण रखें। कड़ी मेहनत करते रहें। आपको अपनी मेहनत का फल मिलेगा।

# किसी दिन में बल्लेबाजी तो किसी दिन गेंदबाजी ऑलराउंडर बन जाता हूं : अक्षर पटेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ऑलराऊंडर अक्षर पटेल ने अपने बेहतरीन खेल प्रदर्शन से टीम इंडिया में जगह बना ली है। टी20 विश्व कप में रविंद्र जडेजा के टी20 इंटरनेशनल से संन्यास लेने के बाद अक्षर अब लंबे समय तक इस फार्मेट में खेलते हुए नजर आ सकते हैं। अपने करियर के अधिकांश समय में अक्षर को एक स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में देखा गया है जो निचले क्रम में बल्ले से योगदान दे सकता है। हालांकि उनके बारे में पिछले एक साल से यह धारणा बदलनी शुरू हो गई है।

अक्षर ने एक इंटरव्यू पर बात करते हुए कहा कि जिस दिन जो चल गया, वो ऑलराउंडर बन जाता हूं मैं (किसी भी दिन जो भी मेरे लिए काम करता है, मैं उसी तरह का ऑलराउंडर बन जाता हूं)। अगर मेरी गेंदबाजी चल जाती है, तो मैं गेंदबाजी ऑलराउंडर हूं, अगर बल्लेबाजी चलती है, तो बल्लेबाजी ऑलराउंडर हूं। मैंने एक बल्लेबाज के रूप में शुरुआत की, इसलिए मुझे लगता है कि मुझे अपनी बल्लेबाजी अधिक पसंद है। पिछले दो या तीन वर्षों में, मैं जिस तरह की बल्लेबाजी कर रहा हूं, मुझे लगता है कि मैं अब सक्षम हूं।

पहले के वर्षों में मैं अपनी बल्लेबाजी के साथ न्याय नहीं कर पा रहा था। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते समय, अक्षर को फ्लोटर के रूप में इस्तेमाल किया गया था और 30 वर्षीय ने इस अवसर का लाभ उठाया। वह तीसरे या चौथे नंबर पर आए और कुछ शानदार स्ट्रोक खेलकर प्रशंसकों का मनोरंजन किया। टी20 विश्व कप के



दौरान उन्हें ग्रुप चरण में पाकिस्तान के खिलाफ फ्लोटर के रूप में इस्तेमाल किया गया था और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में भी जहां उन्होंने महत्वपूर्ण 47 रन बनाए थे। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में अपनी उल्लेखनीय गेंदबाजी कौशल से प्रभावित किया। लेकिन फाइनल में हेनरिक क्लासेन ने उनके एक ओवर से 24 रन खींच लिए। गेंद के साथ अपनी कमियों के बावजूद अक्षर ने इससे पहले बल्ले से 31 गेंदों में 47 रन बनाकर टीम इंडिया को 176/7 तक पहुंचाया था जहां तक दक्षिण अफ्रीका की टीम पहुंच नहीं पाई थी।

बता दें कि अक्षर पटेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तीनों प्रारूपों (टेस्ट, वनडे और टी20ई) में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने 2014 में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे में भारत के लिए पदार्पण किया और तब से सीमित ओवरों के क्रिकेट में स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

अक्षर पटेल ने भी 2017 में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए टेस्ट डेब्यू किया था। उन्हें विशेष रूप से 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की घरेलू टेस्ट श्रृंखला के दौरान प्रसिद्धि मिली, जहां उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। घरेलू क्रिकेट में, अक्षर पटेल ने गुजरात का प्रतिनिधित्व किया है और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी दिल्ली कैपिटल्स (पूर्व में दिल्ली डेयरडेविल्स) और किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) जैसी टीमों के लिए खेलते हुए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है।

# मेसी के बिना भी अर्जेंटीना की नजरें ओलंपिक पुरुष स्वर्ण पर, स्पेन महिलाओं के स्वर्ण का प्रबल दावेदार



**बीजिंग, एजेंसी ।** करिश्माई खिलाड़ी लियोनल मेसी के बिना भी अर्जेंटीना के पास आगामी पेरिस ओलंपिक में रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला तीसरा पुरुष फुटबॉल स्वर्ण पदक जीतने का अच्छा मौका माना जा रहा है

रिपोर्ट के अनुसार, 2004 और 2008 में एक खिलाड़ी के रूप में स्वर्ण पदक जीतने वाले अर्जेंटीना के मुख्य कोच जेवियर माशेरानो का लक्ष्य गौरव हासिल करना है, क्योंकि उन्होंने स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज़ और डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी सहित चार विश्व कप विजेताओं को अपनी टीम में शामिल किया है। ओलंपिक पुरुष फुटबॉल एक अंडर-23 टूर्नामेंट है, लेकिन प्रत्येक टीम को अधिकतम तीन अधिक उम्र के खिलाड़ियों को खेलाने की अनुमति है। 2008 बीजिंग ओलंपिक में दक्षिण अमेरिकी टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में मदद करने वाले 37 वर्षीय मेसी भारी कार्यभार का हवाला देते हुए पेरिस संस्करण में नहीं खेलेंगे। क्लबों को ओलंपिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए अपने खिलाड़ियों को रिलीज करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि अन्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंटों के विपरीत, ओलंपिक खेल आधिकारिक फीफा अंतरराष्ट्रीय विंडो के बाहर होते हैं। 2008 में, बार्सिलोना ने मेसी को बीजिंग में खेलने से रोकने के लिए खेल पंचाट न्यायालय में अपील जीत ली।

यह बताया गया कि बार्सिलोना के तत्कालीन मुख्य कोच पेप गार्डियोला के हस्तक्षेप के बाद, ला लीगा क्लब ने अंततः हरी झंडी दे दी और मेसी ने अपने एकमात्र ओलंपिक अभियान में अर्जेंटीना के साथ स्वर्ण पदक जीता। ओलंपिक पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट स्थापित सितारों के बजाय उभरती प्रतिभाओं के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, जिसमें पारंपरिक फुटबॉल पावरहाउस जरूरी नहीं कि पसंदीदा में हों। झनाइजीरिया और कैमरून ने क्रमशः 1996 और 2000 में जीत हासिल की। ??2012 में, मेक्सिको ने लंदन में स्वर्ण पदक जीता, जिसमें ज्यादातर घरेलू खिलाड़ी शामिल थे। पिछले 20 वर्षों में इस आयोजन में दक्षिण अमेरिकी टीमों का दबदबा देखा गया है, 2004 के बाद से ब्राजील और अर्जेंटीना ने दो-दो स्वर्ण जीते हैं। ब्राज़ील, 2016 और 2020 में लगातार चैंपियन, पेरिस के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहा है, जिसका अर्थ है कि अर्जेंटीना अगर अपना तीसरा ओलंपिक स्वर्ण जीतता है तो वह हंगरी और ब्रिटेन के रिकॉर्ड की बराबरी कर सकता है। 18 वर्षीय क्लाउडियो एचेवेरी देखने लायक खिलाड़ी हैं जो अगले सीज़न में मैनचेस्टर सिटी में जाएगा, एक आक्रामक मिडफील्डर है और उनके अर्जेंटीना के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। अर्जेंटीना को मोरक्को, इराक और यूक्रेन के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। फ्रांस और स्पेन, अर्जेंटीना के बाद अन्य दो पसंदीदा, क्रमशः ग्रुप ए (संयुक्त राज्य अमेरिका, गिनी और न्यूजीलैंड के साथ) और ग्रुप सी (डोमिनिकन गणराज्य, मिस्र और उज़्बेकिस्तान के साथ) में खेलते हैं। ग्रुप डी में पैराग्वे, इजरायल, जापान और माली शामिल हैं। ओलंपिक के उद्घाटन समारोह से दो दिन पहले 24 जुलाई को टूर्नामेंट शुरू होने पर अर्जेंटीना को सेंट-इटियेन में अपने शुरुआती मैच में मोरक्को से खेलना है। फाइनल 9 अगस्त को पेरिस के पार्क डेस प्रिंसेस में होगा।

राजस्व महाअभियान 2.0

# अभियान में त्वरित रूप से होगा प्रकरणों का निराकरण

पन्ना

शासन के निर्देशानुसार त्वरित और आसानी से राजस्व विभाग की सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 18 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक राजस्व महाअभियान 2.0 संचालित किया जा रहा है। अभियान में राजस्व संबंधी सभी प्रकरणों जो न्यायालय में ऑफलाइन प्रचलित हैं अथवा किसी कारण से नंबर से उतर गए हैं, उन्हें आरसीएमएस पर दर्ज किया जाएगा। नामांतरण, बंटवारे के पारित आदेशों को 21 जुलाई तक ऑनलाइन अभिलेखों में दर्ज कर 30 जून 2024 की स्थिति में समय सीमा पार कर चुके लंबित प्रकरणों को चिन्हित कर नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्ती के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इसी तरह लंबित विवादित-अविवादित नामांतरण प्रकरणों तथा उत्तराधिकार नामांतरण प्रकरण, लंबित बंटवारा प्रकरण का निराकरण और छः माह की अवधि के लंबित सभी प्रकार के अभिलेखों के शुद्धीकरण के प्रकरणों का निराकरण होगा। साथ ही खसरे में बटांकन होने, लेकिन नक्शे में बटांकन नहीं होने वाले प्रकरणों में सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर सुधार कर पटवारी एवं तहसीलदार द्वारा खसरा नंबर का एक से अधिक बार होने के प्रकरणों का भी निराकरण किया जाएगा।

राजस्व महाअभियान 2.0 में नक्शे में बटांकन होने और खसरे में नहीं होने संबंधी मामलों का भूलेख पोर्टल पर बहुल नक्शा बटांकन मॉड्यूल के माध्यम से निराकरण होगा। समग्र वेब पोर्टल और एमपी ऑनलाइन एवं सीएससी कियोस्क के माध्यम से समग्र में आधार की ई-केवायसी कराने की सुविधा नागरिकों को निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। महाअभियान में पीएम किसान योजना से छूटे हुए पात्र किसानों को योजना में जोड़ा जाएगा तथा अपात्र हितग्राहियों की जानकारी पीएम किसान पोर्टल पर अद्यतन की जाएगी। साथ ही स्वामित्व योजना के तहत आबादी भूमि के सर्वेक्षण की कार्यवाही पूर्ण कर अधिकार अभिलेख का वितरण समारोहपूर्वक सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक किसान की फार्मर आईडी तैयार करने और खरीफ 2024 सीजन में डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य भी होगा। पटवारियों की मैन्यूअल डायरी के स्थान पर डिजिटल रूप से संधारण किया जाएगा, जिसमें वास्तविक लोकेशन पर उपस्थिति दर्ज होने से पारदर्शिता से कार्य होंगे।

# बिरसा मुण्डा स्वरोजगार एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना

**पन्ना।** जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगार सदस्यों के लिए स्वरोजगार के नए अवसर के लिए भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना संचालित की जा रही है।

जनजातीय कार्य विभाग द्वारा बताया गया कि भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत एक लाख से 50 लाख रुपये तक की उद्योग परियोजना शामिल है। इसमें आवेदन की आयु 18 से 45 वर्ष, आवेदक 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण, परिवार की वार्षिक आय 12 लाख से अधिक न हो और आवेदक स्वयं किसी बैंक अथवा वित्तीय संस्था का डिफाल्टर न हो। ब्याज अनुदान अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित, शेष ऋण पर 5 प्रतिशत की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षो तक नियमित रूप से ऋण भुगतान की शर्त पर दिया जायेगा एवं मप्र शासन द्वारा गारंटी फीस देय होगी। इसी प्रकार टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत 10 हजार से एक लाख रुपये तक की स्वरोजगार योजना के लिए हितग्राही की आयु 18 से 55 वर्ष, आवेदक आयकर दाता न हो, और आवेदक स्वयं किसी बैंक अथवा वित्तीय संस्था का डिफाल्टर न हो। आवेदक द्वारा पोर्टल के माध्यम से योजनाओं के लाभ के लिए आवेदन किया जा सकता है।

## रैपुरा में सर्वाधिक वर्षा दर्ज

**पन्ना।** अधीक्षक भू अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा रैपुरा में 324.3 मिमी दर्ज की गई है, जबकि सबसे कम वर्षा शाहनगर में 160.9 मिमी दर्ज हुई है। इसी तरह वर्षामापी केन्द्र पन्ना में 280 मिमी, देवेन्द्रनगर में 188.5 मिमी, गुनौर में 248.6 मिमी, अमानगंज में 264.4 मिमी, पवई में 307 मिमी, सिमरिया में 310.8 मिमी, अजयगढ़ में 209.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

# जिला पंचायत में किया पौधरोपण

अब तक रोपे गए 13 हजार से अधिक पौधे



**पन्ना।** जिला पंचायत कार्यालय परिसर पन्ना में शुक्रवार को पौधारोपण महाअभियान की गतिविधियों के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार सहित अन्य उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 20 पौधों का रोपण किया गया।

उल्लेखनीय है कि जिले में सतत रूप से पौधारोपण महाअभियान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। एक पेड़ मां के नाम अभियान में 25 हजार के लक्ष्य के विरूद्ध 18 जुलाई की स्थिति में 13 हजार से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका है। शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष भी वर्षाकाल में वृहद स्तर पर पौधरोपण सुनिश्चित कर सुरक्षा के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। इस अभियान में समाज के सभी वर्ग के लोगों सहित जनप्रतिनिधियों, लोकसेवकों, गणमान्य नागरिकों, मीडिया और स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से भी पौधरोपण की अपील की गई है। जिला कलेक्टर द्वारा विभागवार पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित कर पौधे रोपने और वायुदूत (अंकुर) एप पर फोटो अपलोड करने के निर्देश जारी किए गए हैं। आम नागरिक भी प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पौधरोपण कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकते हैं। इसके लिए एप पर पंजीयन कराना होगा तथा पौधरोपण के पश्चात एप पर फोटो अपलोड करना होगी। लिंक अथवा स्कैन के जरिए भी एप का उपयोग किया जा सकता है। वृक्षारोपण महाअभियान में जिले में अब तक सर्वाधिक आंवला के पौधे रोपे गए हैं। इसी तरह महुआ, कचनार, अमलतास, बरगद, इमली, बेर, गुलमोहर, पीपल, अचार, करंज, शीशम, अशोक, नीम, सागौन, आम और अन्य प्रजातियों के पौधों का रोपण भी किया गया है। पौधों के रोपण के बाद लिंक अथवा बार कोड के जरिए भी एप का उपयोग कर फोटो अपलोड कर सकते हैं।

# निराश्रित गौवंश के गौशालाओं में व्यवस्थापन के निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने सड़कों पर विचरण करने वाले निराश्रित गौवंशों को संचालित गौशालाओं में व्यवस्थापन कराने के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा गत दिवस वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सड़कों पर निराश्रित विचरण करने वाले गौवंश को नजदीकी गौशालाओं में व्यवस्थापन के संबंध में निर्देश दिए गए थे। इस क्रम में जिला कलेक्टर द्वारा जिले के सभी नगरीय निकायों के सीएमओ और ग्राम पंचायत सरपंच/सचिव को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ अपने क्षेत्र अंतर्गत सड़कों पर विचरण करने वाले निराश्रित गौवंश को नजदीकी संचालित गौशालाओं में व्यवस्थापन सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

## शासकीय भूमि में स्थापित होंगे अंकुर उपवन

**पन्ना।** पर्यावरण विभाग द्वारा प्रत्येक पंचायत और नगरीय निकाय में शासकीय भूमि पर अंकुर उपवन की स्थापना के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। उपवन में आम नागरिक विशेष तिथियों जैसे जन्म दिवस, वैवाहिक वर्षगांठ अथवा अन्य विशिष्ट तिथियों में पौधरोपण कर सकते हैं।

# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में वन महोत्सव का आयोजन




**पन्ना।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में 19 जुलाई को वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वन मंडल अधिकारी उत्तर वन क्षेत्र पन्ना गर्वित गंगवार एवं एसडीओ विश्रामगंज दिनेश सिंह गौर, रेंजर अभिषेक दुबे व विद्यालय प्राचार्य अमित दाहिया एवं शिक्षक और विद्यार्थी भी शामिल रहे। वन परिक्षेत्र पन्ना उत्तर वनमंडल द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वन महोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय की प्रार्थना सभा पर्यावरण संरक्षण पर आधारित थी, जिसमें छात्रा पावनी रावत द्वारा पेड़ों के संरक्षण पर कविता पाठ किया गया। इस अवसर पर वन मंडल अधिकारी गर्वित गंगवार ने विद्यार्थियों को सीख दी कि हम सभी को पेड़ लगाने के साथ-साथ पेड़ों के संरक्षण पर भी ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि कृषि मंत्रालय द्वारा पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने और पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करने में पेड़ों और जंगलों के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए वन महोत्सव शुरू किया गया था। इसलिए हम सभी को पर्यावरण संतुलन को बनाये रखने के लिए पेड़ों को लगाना अतिआवश्यक है। इस दौरान विद्यालय में बाउंड्रीवाल के चारों ओर सघन वृक्षारोपण किया गया। इसमें वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों सहित विद्यालय प्राचार्य, शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

# देवेन्द्रनगर एवं सलेहा में स्कूल वाहनों की चेकिंग

**पन्ना।** जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार परिवहन विभाग की टीम द्वारा जिले के अलग-अलग स्थानों पर निरंतर स्कूलों में पहुंचकर स्कूल बस व वाहनों की चेकिंग की जा रही है। इस क्रम में आज देवेन्द्रनगर और सलेहा के विभिन्न स्कूलों के वाहनों को चेक करने के साथ स्कूल संचालकों और प्राचार्यों को सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी गाइडलाइन अनुसार बसों का संचालन व आवश्यक व्यवस्था करने के संबंध में अवगत कराया गया। टीम द्वारा बताया गया कि छात्र-छात्राओं को लेकर आने जाने वाले सभी वाहन व स्कूल बस शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार होनी चाहिए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समस्त वाहनों में वीएलटीडी डिवाइस पैनिक बटन के साथ होनी चाहिए ताकि आवश्यकता पड़ने पर छात्र-छात्राओं के पास तुरंत सहायता पहुंचाई जा सके। साथ ही सीसीटीवी कैमरा, अग्निशामक यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स जैसी सुरक्षात्मक चीजें भी अनिवार्य है।

## कोल्ड स्टोरेज निर्माण के लिए आवेदन आमंत्रित

**पन्ना।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की फसलोत्तर प्रबंधन घटक के तहत वर्ष 2024-25 में कोल्ड स्टोरेज टाइप-1 एवं राइपिंग चेम्बर निर्माण के लिए कृषक उद्यमियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक संचालक उद्यान पी.के. श्रीवास्तव ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार हितग्राहियों को अनुदान सहायता भी प्रदान की जाएगी। उक्त योजनाओं के लाभ के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ एमपीएफएसटीएस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इस संबंध में उद्यानिकी विभाग के जिला कार्यालय से अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# सांसद आदर्श ग्राम पंचायत जमुनिहाई का लगातार फर्जीवाड़ा हो रहा उजागर

**सीसी सडक, परकूलेशन टेंक निर्माण सहित अन्य कार्यो में व्यापक फर्जीवाड़ा, फर्जी बिल बाउचर लगाकर निकाली लाखो की राशि**

**पन्ना।** जनपद पंचायत पन्ना अन्तर्गत सांसद आदर्श ग्राम पंचायत जमुनिहाई मे सरपंच, सचिव, उपयंत्री द्वारा निर्माण तथा विकास कार्यो में व्याप्क स्तर पर भ्रष्टाचार किया गया है। जहां एक ओर उक्त ग्राम पंचायत को सांसद निधि, विधायक निधि, पंच परमेश्वर, मनरेगा योजना से राशि प्राप्त हुई है। उक्त राशि की निर्माण कार्यो के नाम पर व्याप्क फर्जीवाड़ा किया गया है। शासन द्वारा पंच परमेश्वर तथा पन्द्रहवें वित्त की जो राशि ग्राम पंचायत के विकास कार्यो के लिए भेजी जाती है। उक्त राशि फर्जी बिल बाउचर लगाकर बिना जीएटी के ठिकाने लगाई गई है। लाखो रूपये के बिलो मे जीएसटी की राशि नही दर्शाई गई है। इसी प्रकार टेंट हाउस तथा आंगन वाडीयो में कार्य कराने, शोकता गड्ढा खोदवाने के नाम पर फर्जी बिल बाउचर लगाकर राशि आहरित की गई है। सांसद निधी के तहत ग्राम पंचायत में सीसी सडक बनाने के लिए दस लाख की राशि दी गई थी। लेकिन उक्त सीसी सडक की स्थिती बदतर है। कुछ ही दिनो बाद उक्त सडक के परखच्चे उड गयें। इसी प्रकार शोकता गड्ढा बनाने के लिए 1 लाख 63 हजार की राशि खर्च की गई। जबकी मात्र हैन्ड पंप के पास एक गड्ढा ही खोदा गया है तथा लाखो की राशि बिल बाउचर बनाकर ठिकाने लगा दी गई। इसी प्रकार ग्राम बाबूपुर में आठ लाख की लागत से सांसद निधि योजना से सीसी सडक निर्माण का बुरा हाल है। उक्त ग्राम पंचायत में लगातार विभिन्न कार्यो में व्याप्क स्तर पर भ्रष्टाचार किया गया है। उपयंत्री संजीव जैन, सरपंच पति रवी डे, सचिव कुलदीप पटेल द्वारा मिलकर फर्जी बिल बाउचर के माध्यम से शासकीय राशि मे फर्जीवाडा किया जा रहा है। जो बिल बाउचर लगाये जा रहे है। उन बिलो मे कही भी जीएसटी की कटोती नही की गई है और न ही बिलो मे जीएसटी की राशि जोड़ी गई है।

# मीडिया कार्यो की कमियों को उजागर करने का सकारात्मक कार्य करती है: विधायक

**शहडोल।** पत्र सूचना कार्यालय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आज संभागीय मुख्यालय शहडोल के विजयश्री होटल में मीडिया कार्यशाला वार्तालाप का आयोजन किया गया। जिसमें शहडोल जिले के इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकार शामिल हुए।

मीडिया कार्यशाला वार्तालाप को संबोधित करते हुए विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि पत्रकार प्रजातंत्र का चौथा स्तंभ है, मीडिया राजनीतिक, सामाजिक जैसे अन्य क्षेत्रों में कार्य करती है। उन्होंने कहा कि मीडिया अपनी कलम के माध्यम से किए गए कार्यों में कमियों को उजागर करने का काम करती है तथा इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट मीडिया में प्रकाशित खबरों को संज्ञान में लेते हुए प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जाती है । उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं तथा योजनाओं का लाभ समाज के हर अंतिम छोर के पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

मीडिया कार्यशाला वार्तालाप कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर श्री तरूण भटनागर ने कहा कि शहडोल जिले की मीडिया शांतिपूर्वक अपना कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के माध्यम कई प्रकार की खबरे प्रकाशित होती है जिससे हमें सूचना मिलती है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार, जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे कार्यो का प्रकाशन भी जनसम्पर्क विभाग द्वारा किया जाता है जिससे पत्रकारबंधुओं तक जानकारी पहुंचती है फिर वे अखबारों में प्रकाशित कर जन-जन तक पहुंचाने का काम करते है। कलेक्टर ने नल जल योजना, पीएम जनमन योजना, पीएम आवास जैसे अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर जानकारी दी।

कार्यशाला में अपर निदेशक सूचना प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार श्री प्रशांत पाठरावे ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, जल जीवन मिशन, पीएम जन मन योजना, डिजीटल इंडिया जैसे अन्य विषयों पर चर्चा की तथा विस्तृत जानकारियों से अवगत कराया। मीडिया कार्यशाला वार्तालाप में विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह एवं कलेक्टर श्री तरूण भटनागर ने मीडिया द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब भी दिया। इस अवसर पत्रकारों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अरविंद शाह, डिप्टी कमिश्नर शिक्षा डॉ. उषा अजय सिंह सहित सूचना कार्यालय के अधिकारी एवं काफी संख्या में पत्रकारगण उपस्थित थें।

## सामुयादयिक आयुष चिकित्सा अधिकारी संघ ने जिला आयुष अधिकारी को आयुक्त के नाम सौपा ज्ञापन

**पन्ना।** सामुदायिक आयुष चिकित्ला अधिकारी संघ के पदाधिकारियो एवं सदस्यों नें विभिन्न मांगो को लेकर जिला आयुष अधिकारी को आयुष आयुक्त के नाम ज्ञापन सौपा है। उक्त ज्ञापन मे विभिन्न मांगो का उल्लेख किया गया है तथा उक्त मांगो को सीघ्र पूर्ण कराये जाने का अनुरोध किया है। उक्त ज्ञापन के दौरान अनेक लोग शामिल रहें।

# कमिश्नर ने सिकल सेल से पीड़ित ज्योति बैगा को दी सलाह

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने आज शहडोल जिले के बुढार विकासखंड के ग्राम पंचायत नवलपुर भ्रमण के दौरान सिकल सेल से पीड़ित ज्योति बैगा के घर पहुंचकर मुलाकात की तथा उसके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान ज्योति बैगा ने कमिश्नर को बताया कि उसका उपचार जिला चिकित्सालय शहडोल के चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है, दवाईयों से उसे काफी फायदा हुआ है अब उसे किसी भी प्रकार की परेशानी नही हो रही है। कमिश्नर को उन्होंने बताया कि उन्हें बीमारी का पता गर्भकाल में हुआ तब से उसका उपचार ठीक से किया जा रहा है। चर्चा के दौरान कमिश्नर ने सिकल सेल से पीडित ज्योति बैगा को बताया कि वह निरंतर दवाईयां का सेवन करते रहें फल खाएं, आनार खाएं व मुन्गे की सब्जी भी खाएं। कमिश्नर ने ज्योति बैगा के बच्चें के संबंध में भी जानकारी ली। जिस पर कमिश्नर को ज्योति बैगा ने बताया कि उसका बच्चा पूर्णतः स्वस्थ्य है। चर्चा के दौरान कमिश्नर ने सिकल सेल से पीडित ज्योति बैगा के पति से भी चर्चा की तथा मौके पर उपस्थित स्वास्थ्य कार्यकर्ता को निर्देश दिए कि गाम पंचायत में 4 लोग सिकल सेल से पीड़ित मरीजों की सतत रूप से मॉनिटरिंग करें। हर सप्ताह घरों में जाकर संपर्क करें तथा मरीजों को सतत रूप से दवाईयां को सेवन करने के लिए प्रेरित करें।

# जेल में जगाई आध्यात्मिकता की अलख : ब्रह्माकुमारी



**पन्ना।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के द्वारा जिला जेल पन्ना में चल रही पांच दिन से आध्यात्मिकता की लहर। सभी कैदियों के खुशी से चेहरे खिल उठे। जिला जेल में बहन जी ने सभी को समझाते हुए कहा कि जीवन बड़ा अनमोल है, जो कुछ हुआ उस बीते हुए कल को भूल कर, उससे शिक्षा लेकर आगे का जीवन सुधारना होगा, तनाव मुक्त,क्रोध मुक्त, व्सयन मुक्त, नफरत, बदले की भावना, ईर्ष्या गलत संस्कार आदि कई विषयों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में परिस्थितियां अंधेरे के समान है उस अंधेरे को दूर वह मिट्टी का दिया नहीं करेगा वह दिया हमें खुद बनना होगा! हमें लेने वाला नहीं देने वाला बनना होगा तभी हम देव संस्कृति को प्रत्यक्ष कर सकेंगे, अनेक कहानी एवं उदाहरण के माध्यम से जीवन को संभालने की शिक्षा दी, संकल्प से सृष्टि बनती है इसलिए हमें अपने पहले विचारों का परिवर्तन करना होगा श्रेष्ठ विचारों को अपने अंदर लाना होगा, आपने कहा कि आज जो भी हमारे साथ हो रहा है वह हमारे ही कर्म का फल है अतः आज वर्तमान मेरे हाथ में है उसे श्रेष्ठ रीति से बिताना है, भविष्य अपने आप अच्छा हो जाएगा। जिसने भी आज तक मेरे साथ जो कुछ भी गलत किया उसे मन ही मन क्षमा करें और उससे मन ही मन क्षमा मांगे क्योंकि मैंने भी कभी उनके साथ कुछ गलत किया था, आप कितने सौभाग्यशाली हैं कि आपको यहां जेल में भी परम सत्य की पहचान परमात्मा का सत्य ज्ञान मिला, परमात्मा की कृपा आपके ऊपर है आपको यह शिक्षा जीवन में धारण करके अपने जीवन को परिवर्तन करना होगा, अपने आप से संकल्प करना है कि जब मैं यहां से बाहर जाऊं तो अपने परिवार का एवं समाज का नाम रोशन करना, एक अच्छा ईमानदार नागरिक बनकर दिखाना है। सभी को ध्यान करने की विधि भी सिखाई एवं अभ्यास भी कराया क्योंकि ध्यान से ही हमारी आंतरिक शक्तियों का विकास होता है और हम अपनी गलत आदतों पर काबू पाकर उनको बस में कर सकते हैं, सभी का मुख मीठा कराकर ईश्वरीय साहित्य वितरण किया गया। सभी कैदी भाइयों ने बड़े लगन उमंग उत्साह से रोज आध्यात्मिक ज्ञान का लाभ उठाया एवं अपने जीवन को परिवर्तन करने का संकल्प किया एवं पुनः सुनने का आग्रह किया।

जेलर साहब ने कार्यक्रम की सराहना की एवं कैदियों में आध्यात्मिकता द्वारा जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए ब्रह्माकुमारी विद्यालय का एवं बहन जी का धन्यवाद किया।

## लापरवाह शिक्षिकाओं पर जिला पंचायत सीईओ ने की कार्यवाही

**पन्ना।** पन्ना जनपद पंचायत अन्तर्गत शासकीय प्राथमिक शाला दहलान चौकी का निरीक्षण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संघ प्रिय द्वारा छह जुलाई को किया गया था। उस दौरान विद्यालय में ताला लगा हुआ था तथा स्कूल के बच्चे बाहर खेल रहे थें। उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए विद्यालय मे पदस्थ शिक्षिका श्रीमति रूकमणि प्रजापति एवं श्रीमती रेहाना खातुन प्राथमिक शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था तथा आठ जुलाई तक जवाब देने को कहा गया था। जिसके परिपेक्ष में शिक्षिकाओं द्वारा समाधान कारक जवाब नही दिया गया जिसको लेकर सीईओं संघ प्रिय ने अनुशान्तम कार्यवाही करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दियें है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, रविवार 21 जुलाई 2024







निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार आत्मनिर्भर नगर निगम कार्यक्रम के तहत जोन क्रमांक 01 के तकनीकी दल द्वारा स्ववित्तीय योजना हेतु शासकीय भूमि के चिन्हांकन का कार्य किया गया।

## राजस्व महाअभियान में कलेक्टर ने किया नजूल कार्यालय का निरीक्षण

रीवा



जिले भर में 18 जुलाई से 31 अगस्त तक राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए 20 और 21 जुलाई के शासकीय अवकाशों में भी तहसील कार्यालयों को खुला रखने के निर्देश दिए हैं। सभी तहसीलों में राजस्व अभियान से संबंधित कार्य तत्परता से किए जा रहे हैं। इस क्रम में कलेक्टर ने सुबह 11.30 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय में नजूल कार्यालय का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने नजूल प्रकरणों को दर्ज करने के लिए संधारित वर्तमान वर्ष तथा गत वर्षों की पंजी एवं लंबित प्रकरणों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी प्रकरण लंबे समय तक लंबित न रहे। हर प्रकरण का अभिलेखों तथा शासन के मापदण्डों के अनुसार परीक्षण करके समय पर निराकरण करें। प्रत्येक नस्ती में संलग्न अभिलेखों का सूक्ष्मता से निरीक्षण करें। मौके पर उपस्थित एसडीएम हुजूर वैशाली जैन तथा डिप्टी कलेक्टर श्रेयश गोखले ने नजूल प्रकरणों की जानकारी दी। कलेक्टर ने प्रकरणों की नस्ती व्यवस्थित न रखने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित लिपिक अतुल सिंह को नजूल शाखा से पृथक करने के निर्देश दिए। लिपिक श्री सिंह को कलेक्ट्रेट में पदस्थ कर दिया गया है।

## जिला पंचायत सीएम हेल्पलाइन में प्रदेश में दूसरे स्थान पर

**रीवा।** सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में जून माह में जिला पंचायत रीवा को प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। संभाग के मऊगंज जिले को प्रदेश में पाँचवा स्थान मिला है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि जिला पंचायत रीवा को 593 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिला पंचायत को 94.26 कुल वेटेज स्कोर के साथ दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। जिला पंचायत अलीराजपुर 98.11 वेटेज अंकों के साथ प्रथम स्थान पर है। मऊगंज जिले को 90.42 कुल वेटेज अंकों के साथ प्रदेश में पाँचवा स्थान प्राप्त हुआ।

## गुरू पूर्णिमा में उप मुख्यमंत्री टीआरएस कालेज में होंगे मुख्य अतिथि

**रीवा।** प्रदेश के साथ-साथ रीवा जिले के सभी शिक्षण संस्थाओं में 21 जुलाई को गुरू पूर्णिमा महोत्सव मनाया जा रहा है। शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में आयोजित गुरू पूर्णिमा महोत्सव के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे। समारोह प्रात: 10 बजे आरंभ होगा जिसमें प्रात: 11 बजे गुरू वंदना की जाएगी। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र ताम्रकार, नगर निगम के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय तथा अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह शामिल होंगे। इस संबंध में प्राचार्य डॉ अर्पिता अवस्थी ने बताया कि समारोह में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय तथा ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्यों एवं प्राध्यापकों डॉ रामसिया शर्मा, डॉ एपी मिश्रा, डॉ व्हीपी गुप्ता, डॉ ज्ञानवती अवस्थी, डॉ डीएस बघेल, प्रोफेसर पीके सरकार, डॉ आईपी त्रिपाठी, डॉ डीआर शाह, डॉ एनपी श्रीवास्तव, डॉ व्हीके श्रीवास्तव, डॉ सीपी तिवारी, डॉ आरएन तिवारी, डॉ व्हीएस शुक्ला तथा डॉ आरके शर्मा को सम्मानित किया जाएगा। प्रथम दिवस के कार्यों का समापन दोपहर 2.30 बजे होगा। दूसरे दिन 22 जुलाई को प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक गुरू पूर्णिमा से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

## आईएफएमआईएस साफ्टवेयर का प्रशिक्षण 22 जुलाई से

**रीवा।** जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को आईएफएमआईएस साफ्टवेयर के विधिवत एवं सुचारू संचालन में आने वाली कठिनाईयों के निराकरण हेतु प्रशिक्षण 22 जुलाई से 27 जुलाई तक दिया जायेगा। कार्यालयों में वित्तीय संव्यवहार आईएफएमआईएस साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाता है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि प्रशिक्षण में स्वयं अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि वित्तीय संव्यवहार सुगमतापूर्वक किया जा सके। प्रशिक्षण में अनुपस्थित होने की स्थिति में संबंधितों को कारण कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।

## प्रोत्साहन राशि के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन का अवसर

**रीवा।** अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को वर्ष 2023-24 तथा 2024-25 में प्रोत्साहन राशि का लाभ देने के लिए एमपीटास पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन का अवसर दिया जा रहा है। प्रतिभा प्रोत्साहन योजना के तहत वर्ष 2023-24 के लिए 30 जुलाई तक तथा वर्ष 2024-25 के लिए 30 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण ने बताया कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के जिन विद्यार्थियों ने जेईई, नीट, क्लैट, एआईआईएमएस, एनडीए आदि राष्ट्रीय प्रतियोगिता परीक्षाएं उत्तीर्ण करके मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश लिया है उन्हें प्रतिभा प्रोत्साहन की पात्रता होगी। साथ ही एनडीए तथा एआईआईएमएस में प्रवेश की पात्रता प्राप्त करने वाले अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को भी इसका लाभ मिलेगा। आवेदक को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है। उसके परिवार की आय 6 लाख रुपए वार्षिक से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक को हितग्राही प्रोफाइल पंजीयन कराना अनिवार्य है। आवेदक द्वारा उसके आधार संख्या से जुड़े हुए बैंक खाते में प्रोत्साहन राशि का ऑनलाइन भुगतान किया जाएगा।

## जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दी गई डेंगू और मलेरिया से बचाव की सलाह




**रीवा।** जिले भर में शिक्षण संस्थाओं में स्वास्थ्य जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस क्रम में शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय में डेंगू और मलेरिया की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम के तहत वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ अर्पिता अवस्थी ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि डेंगू और मलेरिया मच्छर जनित रोग हैं। इनसे बचाव के लिए सभी जागरूक रहें। घर के आसपास खुले में वर्षा का पानी एकत्रित न होने दें। घर के पुराने बर्तनों, टायरों आदि में पानी एकत्रित होने पर उसमें मच्छर पनपते हैं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ अखिलेश शुक्ला ने कहा कि मच्छर जनित रोगों से बचाव का सबसे कारगर साधन मच्छरों से बचाव है। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। मच्छरों के काटने से बचने के लिए शरीर को पूरी तरह से ढकने वाले कपड़े पहनें। नियमित अंतराल पर घर और आसपास के क्षेत्रों में फागिंग मशीन अथवा मच्छर मारने वाले स्प्रे का उपयोग करके मच्छरों को नष्ट करते रहें। डेंगू का प्रकाप होने पर बुखार के साथ-साथ सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और त्वचा पर चकत्ते दिखाई देते हैं। इन लक्षणों के दिखाई देते ही तुरंत डाक्टर से संपर्क करके उनकी उचित सलाह अनुसार उपचार कराएं।

इसके बाद डेंगू और मलेरिया की रोकथाम के संबंध में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पल्लवी सिंह कर्चुली को प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में अमन पाण्डेय को द्वितीय तथा विक्रम कुशवाहा को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एसडीएम गुढ़ ने 6 ग्राम पंचायत सचिवों को दिया नोटिस

**रीवा।** जिले भर में 18 जुलाई से 31 अगस्त तक राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान किसान सम्मान निधि के लंबित प्रकरणों में ई केवाईसी दर्ज करने तथा समग्र एवं आधार संख्या की खसरे में सीडिंग के लिए 20 जुलाई को शासकीय महाविद्यालय गुढ़ में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। एसडीएम गुढ़ डॉ अनुराग तिवारी ने लिखित सूचना के बावजूद प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने पर 6 ग्राम पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह नोटिस मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के तहत जारी किया गया है। नोटिस का दो दिवस में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर एक वार्षिक वेतनवृद्धि संचयी प्रभाव से अवरूद्ध करने का प्रस्ताव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को दिया जाएगा। एसडीएम ने ग्राम पंचायत सचिव बदवार रामराज पटेल, पंचायत सचिव गौरा राजकुमार पटेल, पंचायत सचिव जरहा अरविंद कोल, पंचायत सचिव जोकिहा आशीष चतुर्वेदी, पंचायत सचिव उमरिहा अनिल सिंह तथा पंचायत सचिव लोही राजकुमार पटेल को कारण बताओ नोटिस दिया है।

## राजस्व महाअभियान में अवकाश में भी खुले रहे तहसील कार्यालय



**रीवा।** जिले भर में 18 जुलाई से 31 अगस्त तक राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए 20 और 21 जुलाई के शासकीय अवकाशों में भी तहसील कार्यालयों को खुला रखने के निर्देश दिए हैं। इसके परिपालन में जिले भर में तहसील कार्यालय शनिवार के शासकीय अवकाश में खुले रहे। तहसील हुजूर में तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला तथा नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला ने लंबित प्रकरणों का निराकरण किया। तहसील मनगवां में नायब तहसीलदार राजीव शुक्ला ने ग्राम धवैया में रास्ते में अतिक्रमण का मौके पर निरीक्षण किया और विवाद का निराकरण कराया। तहसील गुढ़ में राजस्व अभियान की तैयारियों के संबंध में रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत सचिव और पटवारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम गुढ़ डॉ अनुराग तिवारी ने किसान सम्मान निधि के प्रकरणों में ई केवाईसी दर्ज करने तथा आधार सीडिंग के संबंध में निर्देश दिए। प्रशिक्षण में तहसीलदार विनयमूर्ति शर्मा तथा तेजप्रताप सिंह भी उपस्थित रहे। इसी तरह जिले की अन्य तहसीलों में भी राजस्व महाअभियान के संबंध में तैयारियाँ की गईं।

## मीसाबंदी सुभाष श्रीवास्तव के 68वें जन्मदिन पर 29 जुलाई को आयोजित होगा कलाकार सम्मान समारोह

**रीवा।** 68 वर्ष के अपने जीवन में 51 वर्ष समूचे समाज की सेवा में समर्पित करने वाले वरिष्ठ समाजसेवी, मीसाबंदी, विचारक एवं साहित्यकार सुभाष श्रीवास्तव के 68वें जन्मदिन पर 29 जुलाई 2024 को कलाकार सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा! जिसमें कला के क्षेत्र में अपना अतुलनीय योगदान देने वाले 68 कलाकारों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के उद्देश्य से उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

## ननि आयुक्त द्वारा स्ववित्तीय योजना हेतु शासकीय भूमि के चिन्हांकन का कार्य किया गया

**रीवा।** निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार आत्मनिर्भर नगर निगम कार्यक्रम के तहत दिनांक 20.07.2024 को जोन क्रमांक 01 के तकनीकी दल द्वारा स्ववित्तीय योजना हेतु शासकीय भूमि के चिन्हांकन का कार्य किया गया। कार्यपालन यंत्री श्री राजेश सिंह द्वारा भ्रमण के दौरान वार्ड क्रमांक 33 में जोन कार्यालय 01 के पास लगभग 17000 वर्गफुट शासकीय भूमि का निरीक्षण कर नाप कराया। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 35 पंचमठा मंदिर तिराहा के पास श्रम कल्याण से लगी रिक्त भूमि का निरीक्षण किया गया एवं वार्ड क्रमांक 36 सिटी कोतवाली से मछरिया दरवाजा तक मुख्य सड़क के दक्षिण तरफ लगभग एक एकड़ शासकीय रिक्त भूमि जो किला की जर्जर बाउंड्री वाल से लगी है तथा अनावश्यक अतिक्रमण का बिन्दु है उसका भी निरीक्षण कर कार्ययोजना तैयार करने हेतु चिन्हांकित किया गया। भ्रमण के दौरान वार्ड क्रमांक 4 में अवैध रूप से विकसित हो रही कालोनियों का निरीक्षण करते हुये आवश्यक कार्यवाही किये जाने का निर्देश प्रदान किया गया। इसी तारतम्य में वार्ड क्र. 04 खैरा नई बस्ती, उद्योग विहार के पास प्रस्तावित निर्माण शवदाह गृह शेड के विवादित स्थल का निरीक्षण करते हुये कार्यपालन यंत्री द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रस्तावित स्थल पर शासकीय भूमि की सुरक्षा हेतु बाउंड्री वाल का निर्माण कार्य कराया जाय। भ्रमण के दौरान सहायक यंत्री श्री पी.एन. शुक्ला, उपयंत्री श्री हरेराम मिश्रा, श्री श्यामसुन्दर मिश्रा एवं श्री सुनील मिश्रा मौजूद रहे।

## नगर निगम की स्वच्छता टीम द्वारा किया गया नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**रीवा।** निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार नगर निगम की स्वच्छता टीम द्वारा दिनांक 20.07.2024 को वॉर्ड क्र. 44 पीएम आवास परिसर में नुकड्ड नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नागरिकों को बताया गया की हम सबको अपने घरों में 2 डस्टबीन का उपयोग करना चाहिये और सूखे एवं गीले कचरे को अलग-अलग करके कचरा गाड़ी में ही देना चाहिये। नागरिकों को बताया गया कि घरों से निकलने वाले कचरे को जब कोई बाहर फेंक देता है तो उससे हमारा शहर गंदा तो होता ही है साथ ही हमारे स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है इसलिए हमे घरों से निकलने वाले कचरे को सूखा एवं गीला अलग-अलग करके कचरा गाड़ी में ही देना है। नगर निगम की स्वच्छता टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया गया कचरे को बाहर फेंकने से हमारे जल स्त्रोत, धरती और पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ता है इसलिए हमे अपने शहर को स्वच्छ और सुन्दर बनने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए कि कचरा बाहर कोई न फेंके। नगर निगम की टीम द्वारा नागरिकों को बताया गया कि अपने सेप्टिक टैंक को हर 3 वर्ष में अवश्य खाली कराए इसके लिये टोल फ्री नंबर 14420/181 की भी जानकारी दी गई साथ ही नागरिकों को बताया कि नगर निगम द्वारा 24 घंटे 7 दिवस आपातकालीन नंबर 07662-254568 चालू किया गया है जिसमे आप फ़ोन करके कचरे से संबंधित समस्याओं का निराकरण प्राप्त कर सकते हैं नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम में आईईसी टीम, पर्यावरण की टीम, वॉर्ड दरोगा एवं वॉर्ड के नागरिकगण उपस्थित रहे।

## किसान फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग करें : उप संचालक कृषि

### किसानों को डीएपी के स्थान पर एनपीके के उपयोग की सलाह

**रीवा।** जिले के कृषकों को सलाह दी गई है कि वह डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरकों का प्रयोग करें। कृषि वैज्ञानिकों ने अपनी सलाह में कहा है कि डीएपी में केवल दो तत्व नाइट्रोजन व फास्फोरस प्राप्त होते हैं। जबकि एनपीके उर्वरक से फसलों के लिए आवश्यक सभी तीन मुख्य पोषक तत्वों नत्रजन, स्फुर एवं पोटाश की उपलब्धता होती हैं। इस प्रकार एनपीके उर्वरक से नत्रजन एवं स्फुर के अलावा पौधों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व पोटाश की पूर्ति किसान भाई सफलतापूर्वक कर सकते हैं। अत: एनपीके उर्वरक का प्रयोग करने पर किसान भाईयों को अलग से पोटाश डालने की जरूरत नहीं पड़ती है व लागत में कमी आती है। उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसान भाईयों के लिए डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद का उपयोग करने की सलाह दी है।

उप संचालक ने कहा है कि फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग लाभदायक होता है। डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट और एनपीके का उपयोग अधिक लाभदायी है। इससे जमीन को सल्फर की प्राप्ति होती है। सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग खेत की तैयारी के समय किया जाता है। जिससे यह फसलों में अधिक कारगर रहता है। डीएपी में उपलब्ध 18 प्रतिशत नाइट्रोजन में से केवल 15 प्रतिशत नाइट्रोजन तथा 46 प्रतिशत फास्फोरस में से 39 प्रतिशत फास्फोरस पानी में घुलकर मिट्टी को प्राप्त होता है। शेष फास्फोरस मिट्टी में जमा हो जाता है जिससे मिट्टी कठोर हो जाती है। इसकी जल धारण क्षमता घटती है।

उप संचालक ने बताया है कि आगामी फसल में शंकर धान एवं शंकर मक्का के लिए नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश एनपीके खाद का उपयोग अधिक लाभकारी होगा। दलहन एवं तिलहन फसलों में 80:40:30 एनपीके तथा सल्फर का उपयोग लाभदायी होगा। उप संचालक ने बताया है कि किसान नैनो तकनीक पर आधारित खाद का भी उपयोग कर सकते हैं। फसलों के लिए 20 प्रतिशत नाइट्रोजन से युक्त नैनो यूरिया तथा 8 प्रतिशत नाइट्रोजन एवं 16 प्रतिशत फास्फोरस से युक्त नैनो डीएपी उपलब्ध है। इनके निर्धारित मात्रा में उपयोग से फसलों को संतुलित मात्रा में पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। सामान्य तौर पर एक स्वस्थ पौधे में नाइट्रोजन की मात्रा 1.5 से 4 प्रतिशत तक होती है। फसलों की बढ़वार की स्थिति में इनमें नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का पत्तियों में छिड़काव करने से पौधों को कारगर तरीके से नाइट्रोजन और फास्फोरस की उपलब्धता हो जाती है। इनके उपयोग से पैदावार में वृद्धि होती है तथा मिट्टी के स्वास्थ्य में भी सुधार होता है। नैनो यूरिया की 500 मिलीलीटर की बोतल 225 रुपए में तथा नैनो डीएपी की 500 मिलीलीटर की बोतल 600 रुपए में मिल रही है। इसकी कीमत एक बोरी खाद से लगभग आधी है। जबकि इसका असर एक बोरी खाद से भी अधिक है। इसलिए नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का उपयोग किसानों के लिए अधिक लाभकारी है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833